
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



जेनिफर विलियम संग की दूसरी बार शादी

माइंड्स द मॉन्स्टर से होगा डेब्यू...

वर्ष : 12 | अंक : 267 | लखनऊ, 23 सितम्बर, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्रियों की 2 दिनी चिंतन बैठक आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रियों की दो दिवसीय चिंतन बैठक बुधवार से शुरू होगी, जिसमें सुधारों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए शासन और नीति-निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा होने की उम्मीद है। 23 और 24 सितंबर को सेवा तीर्थ में मंथन सत्र आयोजित होगा और इसमें पूरी मंत्रिपरिषद शामिल होगी। सेवा तीर्थ में पीएमओ है।



### भागलपुर में गंगा नदी में डूबे 6 बच्चे

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई। यहां गंगा नदी में 6 बच्चों की डूबने से मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सभी बच्चे कर्मा-धर्मा पूजा को लेकर स्नान करने के लिए नारायणपुर दियारा गए थे। घटना सुल्तानगंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 27 से जुड़ी बताई जा रही है। सभी बच्चे बैकुंठपुर दुधैला के रहने वाले बताए जा रहे हैं।



### रेंजर की डंपर से कुचलकर हत्या

**प्रतापगढ़।** राजस्थान में अवैध खनन माफिया की दबंगई, कानून के रखवालों और प्रशासनिक टीमों पर जानलेवा हमले लगातार सामने आ रही है। मंगलवार को प्रतापगढ़ जिले के छोटीसादड़ी (सुखड़ वनखंड क्षेत्र) में वन विभाग की जमीन पर अवैध खनन रोकने गए रेंजर प्रताप सिंह की डंपर से कुचलकर हत्या कर दी गई। माफिया ने उन्हें बाइक सहित 50 मीटर तक घसीटा।




### नंदीग्राम में भाजपा प्रत्याशी पर उठे सवाल

**कोलकाता।** नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी हासिरानी रथ के चुनावी हलफनामे में उम्र और शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी जानकारी पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मामले की पूरी और निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कहा कि हलफनामे में हासिरानी की उम्र अलग- अलग दर्ज है।



### 11 राज्यसभा सीटों पर चुनाव, 16 को वोटिंग

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटें और उत्तराखंड की एक राज्यसभा सीट मिलाकर 11 सीटों पर 16 अक्टूबर को चुनाव होगा। यूपी के 10 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल 25 नवंबर को पूरा हो रहा है। मौजूदा समय में इन 10 में से 8 सीटों पर भाजपा, एक पर समाजवादी पार्टी और एक पर बहुजन समाज पार्टी का कब्जा है।



---

एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन, शाह बोले

# 1 ग्राम भी 'ड्रग' दुनिया से हमारे देश में नहीं आने देंगे, न ही यहां से दुनिया में जाने देंगे

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि हमारा साझा दायित्व और संकल्प होना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियों को खोखला करने वाली नशे की इस समस्या को हम समाप्त कर दें। हमारा संकल्प हो कि एक ग्राम भी ड्रग हम दुनिया से अपने देश में नहीं आने देंगे और न ही एक भी ग्राम ड्रग हमारे देश से दुनिया में जाएगी। दुनियाभर के युवाओं के कल्याण का संकल्प लेकर हमने यह रोड मैप बनाया है। हमें संवेदना के साथ और इसके महत्व को समझकर टॉप मोस्ट प्रायोरिटी पर नशा मुक्त भारत के लिए काम करना होगा।

केंद्रीय गृह अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गृह मंत्री ने मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने वाले टेलीविजन कमर्शियल का लॉन्च किया। लखनऊ एवं देहरादून में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के नए जोनल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एएनटीएफ को सम्मानित भी किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने नए स्वरूप में तैयार एनसीबी की वेबसाइट का शुभारंभ भी किया। एनसीबी द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एएनटीएफ प्रमुखों के साथ-साथ संबंधित सरकारी विभागों और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

दुनियाभर के युवाओं के कल्याण का संकल्प लेकर हमने यह रोडमैप बनाया

मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने वाले टीवी कमर्शियल को लॉन्च किया

### विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029 में चार स्तंभ




सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह

- इंटेलिजेंस एवं ऑपरेशन-आधारित एनफोर्समेंट
- प्रीकर्सर और सिंथेटिक ड्रग पर नियंत्रण
- डिमांड और हार्म रिडक्शन
- क्षमता निर्माण और समन्वय।

### शाह ने दुनिया के लिए ड्रग को खतरा बताया

शाह ने कहा, देश और दुनिया के लिए सबसे गंभीर खतरा बन चुके नारकोटिक्स पर कड़ा और निर्णायक प्रहार करने और सामूहिक प्रयासों से विजय प्राप्त करने का समय आ गया है। 31 दिसंबर, 2029 तक हम भारत से नशे के व्यापार को जड़ से उखाड़कर फेंकने में सामूहिक रूप से सफल होंगे। विगत 5 साल में कश्मीर में आतंकवाद, नॉर्थईस्ट में उग्रवाद और नक्सलवाद की समस्या जैसी कई चुनौतियों के खिलाफ केंद्र सरकार ने सफलता हासिल की है। नशे के खिलाफ यह लड़ाई सभी लड़ाइयों में से सबसे कठिन है, लेकिन हम इस लड़ाई को छोड़ नहीं सकते। इस समस्या के खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर जुनून के साथ लड़ना होगा और विजय प्राप्त करनी होगी।


### हर राज्य में बनेगी टीम

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उभरती हुई चुनौतियां, जैसे, सिंथेटिक ड्रग्स और प्रीकर्सर केमिकल्स का डायवर्जन, कम्युनिकेशन की नई तकनीकें, डार्कनेट, ड्रग मार्केट, क्रिप्टो, डेड ड्रॉप डिलीवरी प्रणाली और अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क के लिए आउट ऑफ बॉक्स सोचने वाले अधिकारियों की एक टीम हर राज्य में बनाई जाए और सफलता को साझा कर इसे पूरे देश में लागू किया जाए।

### विजन डॉक्यूमेंट को बताया गीता की तरह

विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029 इस लड़ाई में शामिल सभी लोगों के लिए गीता के समान है। यह विजन डॉक्यूमेंट 35 से ज्यादा विभागों के साथ चर्चा के बाद बहुत मेहनत से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने सभी स्टेकहोल्डर्स के सुझाव लेकर यह कम्प्लीट रोडमैप बनाने का काम किया है, जो निश्चित लक्ष्यों के साथ सबको दिया गया है। इसमें लक्ष्य और समयसीमा भी निश्चित की गई है। कुछ समय बाद इसका रिव्यू भी होगा। नशे के खिलाफ लड़ाई को हमें स्पष्टता के साथ लड़ना है। इस लड़ाई के फोकल पॉइंट्स चिन्हित किया जा चुके हैं और राज्यस्तर पर खुफिया सूचना, जांच, वित्तीय कार्यवाही, अभियोजन को एक ही दिशा में चलाने के लिए एक रोडमैप भी बन चुका है। हमने पहली एएनटीएफ कॉन्फ्रेंस में संस्थागत व्यवस्था बनाई थी और उसे सुदृढ़ किया। दूसरे एएनटीएफ सम्मेलन में उस व्यवस्था को कार्यवाही में बदलने के लिए योग्यता, उसके एक्शन और एग्जीक्यूशन पर चर्चा की। अब यह तीसरा एएनटीएफ सम्मेलन इस रोडमैप को, नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में परिवर्तित करेगा।

---



रेंट पर गरबा पार्टनर विज्ञापन पर बवाल

# मुंबई पुलिस से की शिकायत ठगी-ब्लैकमेलिंग की आशंका

» भाजपा विधायक ने पुलिस से की जांच की मांग

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

नवरात्रि शुरू होने से पहले सोशल मीडिया पर सामने आए 'रेंट अ गरबा पार्टनर' विज्ञापन को लेकर मुंबई में विवाद खड़ा हो गया है। विज्ञापन में पैसे लेकर गरबा खेलने के लिए पार्टनर उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। मामले को गंभीर बताते हुए भाजपा विधायक संजय उपाध्याय ने मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती से शिकायत कर जांच की मांग की है। विधायक ने आशंका जताई कि विज्ञापन की आड़ में लोगों के साथ ठगी, ब्लैकमेलिंग या जिस्मफरोशी जैसी आपराधिक गतिविधि को अंजाम दिया जा सकता है।



### सोशल मीडिया पर चल रहा विज्ञापन

बोरीवली स्थित सेवालय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उपाध्याय ने बताया कि इंस्टाग्राम पर 'रेंट अ गरबा पार्टनर' नाम से एक विज्ञापन प्रसारित हो रहा है। . विज्ञापन में अलग-अलग समय और पैकेज के हिसाब से रकम तय की गई है विज्ञापन में एक घंटे के लिए सिल्वर श्रेणी के गरबा पार्टनर की कीमत 1000 रुपए बताई गई है। वहीं गोल्ड और प्लेटिनम के लिए 1500 और 2000 रुपए के पैकेज का दावा किया गया है। विज्ञापन में 2-3 घंटे से 24 घंटे तक पार्टनर उपलब्ध कराने की बात भी कही गई है।

### » 24 घंटे तक पार्टनर उपलब्ध कराएंगे

*उपाध्याय ने सवाल उठाया कि आखिर किस तरह के गरबा आयोजन में पैसे देकर पार्टनर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। खास तौर पर 24 घंटे तक पार्टनर उपलब्ध कराने के दावे पर सवाल खड़े किए। विज्ञापन में इस्तेमाल की गई भाषा लोगों को आकर्षित कर किसी संभावित जाल में फंसाने की कोशिश हो सकती है। हालांकि, इन आशंकाओं की पुष्टि अभी जांच के बाद ही हो सकेगी। संजय ने आशंका जताई कि विज्ञापन के पीछे कोई गिरोह सक्रिय हो सकता है। लोगों को पहले आकर्षित किया जा सकता है और बाद में उनके साथ पैसे की ठगी, ब्लैकमेलिंग या जिस्मफरोशी जैसी आपराधिक गतिविधियां की जा सकती हैं। उन्होंने पुलिस से विज्ञापन चलाने वाले लोगों और इससे जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान करने की मांग की है। साथ ही पूरे मामले की साइबर जांच कराने की अपील की है।*

---

बघेल के काफिले पर पथराव

# आयोग की चुप्पी पर किए सवाल कांग्रेस की स्वतंत्र जांच की मांग

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कांग्रेस ने असम के नौगांव लोकसभा उपचुनाव में प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के काफिले पर जानलेवा हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा हार के डर से विपक्षी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को डराने-धमकाने की सुनियोजित कोशिश कर रही है। पार्टी ने विपक्षी नेताओं के साथ लगातार देशभर में हो रही ऐसी हिंसक घटनाओं को लेकर चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं।



बता दें कि सोमवार को नौगांव के समागुरी क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर नकाबपोश हमलावरों ने जानलेवा हमला किया था। इन हमलावरों ने पहले काले झंडे दिखाए, फिर पथराव किया और हॉकी स्टिक, क्रिकेट बैट तथा लोहे की छड़ों से हमला किया। इसकी स्वतंत्र जांच की जाए।

---

मौसम विभाग ने दी चेतावनी

# तूफान अर्नब से मचेगी तबाही ओडिशा में बंद किए गए स्कूल

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार सुबह करीब 11:45 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना डिप्रेशन जल्द ही गहरे डिप्रेशन में बदल सकता है। आईएमडी ने कहा कि पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना डिप्रेशन पिछले 6 घंटों के दौरान 18 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम की ओर बढ़ा और मंगलवार को सुबह 8:30 बजे उसी क्षेत्र में



केंद्रित था। तूफ़ानों के नामों की सूची के अनुसार, उत्तरी हिंद महासागर में बनने वाले अगले चक्रवात का नाम 'अर्णब' होगा। 'अर्णब' नाम (जिसका बंगाली में मतलब 'सागर' होता है) बांग्लादेश ने उस क्षेत्रीय ट्रॉपिकल साइक्लोन (उष्णकटिबंधीय चक्रवात) के नामों की लिस्ट में शामिल किया था।

---

ममता राज का एक और कारनामा उजागर

कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई

# 2 लाख रुपए दोगे तो... शिक्षक ने सुनाया घूसकांड का ऑडियो क्लिप

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पश्चिम बंगाल में ममता बेनर्जी की अगुवाई वाली टीएमसीकी पिछली सरकार का एक और कारनामा उजागर हुआ है। आरोप है कि ममता राज में पैसे लेकर शिक्षकों का तबादला किया जाता था।

इसी आरोप के सिलसिले में कलकत्ता हाई कोर्ट में एक पीड़ित शिक्षक ने एक ऑडियो क्लिप बतौर सबूत पेश किया है, जिसमें सुना जा सकता है कि अगर दो लाख रिश्वत दोगे तो पसंद की जगह पर तबादला हो जाएगा। इस पर हाई कोर्ट की



जज जस्टिस अमृता सिन्हा ने हैरानी जताई है और मामले की जांच के आदेश दिए हैं। टीचर ने कोर्ट में ऑडियो रिकॉर्ड पेश किया था, जिसमें एक बिचौलिया शिक्षक से मनचाहे स्कूल में तबादला कराने के लिए 2 लाख की रिश्वत मांगता हुआ सुनाई दे रहा है।

### 25 तक जांच रिपोर्ट दें

अब हाई कोर्ट ने पुलिस को इस मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं और कहा है कि 25 सितंबर तक शुरुआती जांच रिपोर्ट अदालत में सौंपे जाएं। पुलिस कॉल करने वाले की पहचान करेगी और ये पता लगाएगी कि कॉल करने वाला किसी गैंग या नेटवर्क का सदस्य तो नहीं है। सरकार के स्कूल सर्विस कमीशन ने इस घटना की जांच की मांग की है। कस्बा थाने के ओसी को जांच करने का आदेश दिया गया है।

---


## आईआईटी बॉम्बे सुसाइड केस में अहम सुराग हाथ लगे

एग्जाम हॉल से हॉस्टल तक साहिल ने क्या किया?

# अब क्राइम ब्रांच 15 मिनट के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

आईआईटी बॉम्बे में छात्र की आत्महत्या के बाद मौत के मामले में क्राइम ब्रांच को एक अहम सुराग हाथ लगा है।



पुलिस ने एक एग्जाम हॉल का सीसीटवी फुटेज हासिल किया है, जहां साहिल रवींद्र वाकोडे को कथित तौर पर नकल करते हुए पकड़ा गया था। साहिल के परिवार का आरोप है कि उसे कैंपस में संस्थागत उत्पीड़न और जाति-आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ा, जिसके कारण आत्महत्या कर ली। परिवार ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए एससी-एसटी अधिनियम, 1989 के तहत मामला दर्ज कराया है।



### सीसीटीवी फुटेज की अहमीयत

जांच के लिए दोपहर 12:30 बजे से 12:45 बजे के बीच का सीसीटीवी क्लिप अहम था, क्योंकि इसी दौरान वाकोडे को पेपर लिखते समय कथित तौर पर अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया था। परीक्षा दोपहर 1 बजे खत्म होनी थी।

### घटना को लेकर कैंपस में अलग-अलग राय

इस घटना को लेकर कैंपस में लोगों की राय बंटी हुई है। जहां कुछ लोगों ने प्रोफेसर के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने संस्थान के नियमों का पालन किया क्योंकि छात्र ने पास बिना इजाजत के अपने पास स्मार्टफोन रखा हुआ था और वह उसका इस्तेमाल कर रहा था। तो वहीं दूसरों ने कैंपस के हालात पर सवाल उठाए हैं। वाकोडे के एक करीबी दोस्त ने कहा है कि उसे पक्का यकीन है कि मीडिया के कुछ हिस्सों में जातिवाद के जो आरोप लगाए गए हैं, वे सच नहीं हैं। परीक्षा के दिन असल में क्या हुआ था इस बारे में छात्र ने कहा कि उसका दोस्त नकल करते हुए पकड़ा गया था। साहिल के दोस्त ने कहा कि प्रोफेसर उसे कमरे से बाहर ले गए। इंस्टिट्यूट ने कहा कि उस पर डीएसी (अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति) की कार्रवाई नहीं की गई।

### मंत्रालय ने आईआईटी को पत्र भेजा था, आंकड़ा छिपाया



कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अब यह सामने आया है कि संबंधित मंत्रालय के अवर सचिव ने 1 दिसंबर को ही आई आईटी संस्थानों को इस संबंध में पत्र भेज दिया था। इसके बावजूद मंत्री की ओर से दिए गए जवाब में आत्महत्याओं से संबंधित आंकड़ों को शामिल नहीं किया गया। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने जानबूझकर इन आंकड़ों को छिपाया।

---

तेलंगाना के अस्पताल में भीषण आग

# 3 नवजात की मौत, कई गंभीर यहां पर तब 27 बच्चे थे भर्ती

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के सरकारी रिम्स अस्पताल की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट में सोमवार रात करीब 11:50 बजे आग लग गई। हादसे में अब तक 3 नवजात की मौत हो गई, जबकि कई अन्य की हालत गंभीर है।

अधिकारियों के अनुसार यूनिट में 27 नवजात का इलाज चल रहा था। हादसे के बाद 24 बच्चों का अलग-अलग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज जारी है। शुरुआती जानकारी में एसी में खराबी के बाद धमाके की आशंका जताई गई है।



### 24 का इलाज चल रहा

हालांकि सही वजह जांच पूरी होने के बाद सामने आएगी। आग में सबसे पहले एक 5 दिन के बच्चे की मौत हुई थी। दूसरे नवजात की मंगलवार सुबह निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। तीसरे बच्चे ने दोपहर में दम तोड़ा। अब 24 बच्चों का इलाज जारी है। इनमें एक की हालत गंभीर है। बाकी बच्चों की सेहत पर भी लगातार नजर रखी जा रही है।

## युवती संदिग्ध हालात में लापता, गुमशुदगी दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।निगोहां थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव से 21 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी। दयालपुर निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पूजिता (21) बीते 21 सितंबर को दोपहर करीब दो बजे घर से बिना बताए चली गई काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने निगोहां थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार यादव को सौंपी पुलिस के अनुसार लापता युवती की कद-काठी सामान्य रंग गोरा घटना के समय उसने लाल रंग का सलवार-सूट और गुलाबी रंग के जूते पहन रखे थे पुलिस टीम युवती की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर जानकारी जुटा रही साथ ही परिजनों से भी पूछताछ की जा रही पुलिस ने लोगों से अपील की है कि युवती के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल निगोहां थाने को सूचित करें।

## पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल को लेकर बवाल, आमने-सामने आए दो पक्ष

अमन लेखनी समाचार

निगोहां।थाना क्षेत्र के मंगटइया गांव स्थित संगम फीलिंग पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल भराने को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी दोनों मामलों की विवेचना सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह कर रहे हैं। राती गांव निवासी लवकुश रावत ने आरोप लगाया कि 15 सितंबर की दोपहर करीब दो बजे पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल डलवाने को लेकर उसका विक्की सिंह से विवाद हो गया आरोप है कि विक्की सिंह ने जातिसूचक गालियां देते हुए डंडे और लात-घूंसों से मारपीट की पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धाराओं के साथ एससी/एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया वहीं दूसरे पक्ष के मंगटइया निवासी विक्की सिंह ने लवकुश समेत सात-आठ अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया आरोप है कि विवाद के दौरान गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर लेकर दौड़ाया गया

## निगोहां के होनहार ने रचा इतिहास, 21 की उम्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक-447

### पहले ही प्रयास में मिली सफलता, अब बीएसएफ में शामिल होकर करेंगे देश की सेवा

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां क्षेत्र के ब्रह्मदासपुर गांव के होनहार युवा ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया महज 21 वर्ष की उम्र में उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल परीक्षा-2024 को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण करते हुए अखिल भारतीय रैंक (एआईआर)-447 प्राप्त की इसके बाद 21 सितंबर 2026 को उन्होंने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में शामिल होकर देशसेवा की जिम्मेदारी संभाल ली। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उन्होंने भारतीय वायुसेना समूह ह्यएक्सह्ल 2023, उत्तर प्रदेश पुलिस-2024, कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा और कर्मचारी चयन आयोग केंद्रीय पुलिस संगठन परीक्षा जैसी परीक्षाओं में भी सफलता हासिल की इसके अलावा संघ लोक सेवा आयोग राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की लिखित परीक्षा दो बार, संघ लोक सेवा आयोग संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) छह बार तथा वायुसेना सामान्य प्रवेश परीक्षा (एएफकैट) चार बार उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया शैक्षणिक क्षेत्र में भी उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी)-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) को राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र दोनों विषयों में पास किया लगातार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता उनकी मेहनत अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण को दशार्ती । युवा की इस उपलब्धि से ब्रह्मदासपुर सहित पूरे निगोहां क्षेत्र में खुशी का माहौल उनकी माता विद्या देवी ब्रह्मदासपुर की ग्राम प्रधान जबकि पिता रमेश चंद्र ग्रामीणों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

## स्टीयरिंग फेल, ट्रक में घुसी रोडवेज बस; पांच घायल

### मोहनलालगंज में बड़ा हादसा टला, चालक और बुजुर्ग यात्री की हालत नाजुक

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा टल गया लखनऊ से फतेहपुर जा रही रोडवेज बस अचानक तकनीकी खराबी आने से अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से जा भिड़ी हादसे में बस चालक और परिचालक समेत पांच लोग घायल हो गए दुर्घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगो ने बताया कि बस बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने पहुंची ही थी कि अचानक उसका स्टीयरिंग फेल हो गया चालक ने बस को संभालने का प्रयास किया लेकिन नियंत्रण नहीं हो सका और बस आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे यात्री सहम गए सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकलवाकर सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया हादसे में चालक हरिओम (35) निवासी फतेहपुर परिचालक मुकेश कुमार (46) निवासी कानपुर देहात, बांसदेव निर्मल (68) निवासी रायबरेली, अतुल सिंह (28) और अशोक कुमार (35) घायल हुए चिकित्सकों ने गंभीर हालत में चालक हरिओम और बुजुर्ग यात्री बांसदेव निर्मल को लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एसीपी मोहनलालगंज राजकुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी हादसे की वजह सामने आई टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करने के साथ उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने 10 सितंबर 2026 को बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि थाना क्षेत्र के ही नानमऊ गाँव निवासी जितेन्द्र सिंह ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया। युवती ने जब उसके ऊपर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी से इनकार करते हुए उसे जातिसूचक गालियां देने के साथ जान से मारने की धमकी दी।पुलिस का कहना है कि पीड़ित युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था।इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। तब पुलिस टीम ने तकनीकी व अन्य साक्ष्यों की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की और मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर 32 वर्षीय आरोपी जितेन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह को थाना क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया।फिलहाल पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करने के साथ उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को उसे जेल भेज दिया है।

## अपराधियों पर बड़ा अभियान हिस्ट्रीशीट से गैंगस्टर तक होगी सख्त कार्रवाई

### डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक ने की समीक्षा बैठक दिए कड़े निर्देश

### आदतन अपराधियों का चिन्हीकरण कर गुंडा व गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

अमन लेखनी समाचार /सौरभ सिंह



मोहनलालगंज। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की बैठक में आदतन अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई पर विशेष जोर देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसीपी दक्षिणी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में सक्रिय एवं आदतन अपराधियों का सत्यापन कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली जाए जिन अपराधियों की गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन रही उनके विरुद्ध गुंडा एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अभियान की नियमित समीक्षा की जाएगी। बैठक में असामाजिक एवं संगठित अपराध में संलिप्त तत्वों पर लगातार निगरानी रखने उनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए गए पुलिस का कहना है कि अभियान का उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय पैदा करना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना।

### अपराध पर अंकुश, अपराधियों में कानून का भय

दक्षिणी पुलिस का लक्ष्य आदतन एवं संगठित अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई कर अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाना तथा आमजन को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है।

## कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमल लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालत में कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से उन्नाव जिले के बारा सगवर थानान्तर्गत धानी खेड़ा निवासी सुंदरलाल का 19 वर्षीय बेटा रवि धीमान पिछले करीब 4 वर्षों से सरोजनीनगर के अमौसी गांव में शिवांशु सिंह के तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर में किराए पर कमरा लेकर अकेले ही रहता था।वह टाइल्स लगाने का काम करता था। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे मकान की तीसरी मंजिल पर परिवार सहित किराए पर रह रहे कुलदीप अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जाने के लिए नीचे उतरा तो रवि का कमरा खुला होने के साथ ही कमरे के अंदर सामने ही रवि पंखे से चुन्नी के सहारे लटका नजर आया। तब कुलदीप ने इसकी सूचना मकान मालिक शिवांशु को दी।इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना रवि के परिजनों को दी।इसके बाद पुलिसने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का पता चला है।लेकिन उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण भी स्पष्ट नहीं हो सका है। वहीं घटना की सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने पहले तो उसका पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।लेकिन बाद में पुलिस के कहने पर वह पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हो गए।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के परिवार में उसके पिता सुंदरलाल और मां के अलावा दो छोटे भाई अंशुल व प्रिंस हैं। मृतक अपने भाइयों में सबसे बड़ा था।

## निगोहां प्रेस क्लब ने डीसीपी साउथ से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को डीसीपी साउथ मो. मुश्ताक से मुलाकात कर क्षेत्र की जनसमस्याओं कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक अध्यक्ष महामंत्री समेत प्रेस क्लब के पदाधिकारी और पत्रकार शामिल रहे। पत्रकारों ने निगोहां व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती जनसमस्याओं, पुलिस की सक्रियता, यातायात व्यवस्था तथा आम लोगों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण का मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि पुलिस और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय तथा शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई से लोगों का भरोसा और मजबूत होगा बैठक में पत्रकारों और पुलिस के बीच बेहतर संवाद पर भी जोर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मीडिया जनसमस्याओं को जिम्मेदारी के साथ प्रशासन तक पहुंचाने के साथ पुलिस की जनहितकारी कार्यवाहियों को भी निष्पक्ष रूप से जनता तक पहुंचाता। डीसीपी साउथ मो. मुश्ताक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए जनसमस्याओं और अपराध नियंत्रण संबंधी मामलों में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने पुलिस और मीडिया के बीच समन्वय को जनहित में आवश्यक बताया मुलाकात के दौरान प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, उपाध्यक्ष मोइन खान, सचिव राघवेंद्र सिंह सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## अभियानों की समीक्षा, डीसीपी ने दिए सख्त निर्देश

### क्राइम मुंशियों के साथ बैठक में विवेचना निस्तारण और अपराधियों पर कार्रवाई तेज करने को कहा

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी श्री मो. मुश्ताक ने जोन कार्यालय पर दक्षिणी जोन के सभी थानों के क्राइम मुंशियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर पुलिस कार्यों की समीक्षा की बैठक में उन्होंने शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि मामलों की जांच में अनावश्यक देरी न हो और पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके उन्होंने गुंडा एक्ट गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य प्रभावी कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान उन्होंने सभी क्राइम मुंशियों को थानों के अभिलेखों को व्यवस्थित रखने अभियानों से संबंधित सूचनाओं को समय से उपलब्ध कराने और पुलिस कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए पुलिस उपायुक्त ने कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना स्तर पर बेहतर समन्वय और प्रभावी मॉनिटरिंग बेहद जरूरी उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गोष्ठी में दक्षिणी जोन के विभिन्न थानों के क्राइम मुंशी उपस्थित रहे।

## विवाहिता ने फंदे से लटककर दी जान, पति समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार


मृतका सुभाषिनी फाइल – फोटो

लखनऊ। दहेज की मांग और मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक विवाहिता ने घर में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका के मायके पक्ष ने ससुरलीजनो पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए ससुराली पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

माल के ग्राम अऊमऊ निवासी मृतका के मौसा अंजनी कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी साढ़ू की बेटी सुभाषिनी (21) का विवाह बीते 27 अक्टूबर 2025 को माल थाना क्षेत्र के सालेहनगर निवासी सत्यनाम के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था।आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में अतिरिक्त सामान और नकदी की मांग को लेकर सुभाषिनी को प्रताड़ित करने लगे।मांग पूरी न होने पर उसे ताने दिए जाते थे और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था।

तहरीर के मुताबिक, करीब एक वर्ष तक संतान न होने को लेकर भी सुभाषिनी को अपमानित किया जाता था।मायके पक्ष का आरोप है कि पति सत्यनाम, सास, ननद सोनिया और देवर शिवम दहेज व संतान न होने की बात को लेकर उसे लगातार परेशान करते थे। अंजनी कुमार के अनुसार, मंगलवार सुबह 7 बजे सूचना मिली कि उनकी साढ़ू की बेटी ने घर के अंदर कमरे का दरवाजा बंद करके छत के हुक से साड़ी के फंदे से लटकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मायके पक्ष ने दहेज प्रताड़ना और मानसिक उत्पीड़न के कारण मौत होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मिली तहरीर पर पति सत्यनाम, सास, ननंद सोनिया, देवर शिवम पर दहेज हत्या पड़ताना का मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विसर्जन के दौरान सई नदी में तीन युवक डूबे

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के सिसेंडी स्थित मीनापुर गांव में मंगलवार को गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया सई नदी में प्रतिमा विसर्जित करते समय तीन युवक गहरे पानी में समा गए सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर तलाश अभियान में जुट गई। जानकारी के अनुसार, सिसेंडी के कोरियाना मोहल्ले में स्थापित गणपति प्रतिमा का मंगलवार को विसर्जन किया जा रहा था।इसी दौरान हरिप्रसाद (40) पुत्र राधेलाल, धीरज (35) पुत्र नरेश तथा प्रमोद (22) पुत्र कल्लू नदी के गहरे पानी में चले गए और डूब गए हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई मौजूद लोगों ने तीनों को बचाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली सूचना पर इंस्पेक्टर मोहनलालगंज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई बाद में एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई और अत्याधुनिक उपकरणों के साथ नदी में सर्च अभियान शुरू किया। एसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तीनों युवकों की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम संयुक्त रूप से अभियान चला रही देर शाम तक तीनों का पता नहीं चल सका था वही हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया घटनास्थल पर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही जबकि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए राहत एवं बचाव कार्य में लगी रही।

## बिजली संकट और वरासत विवाद को लेकर किसानों ने खोला मोर्चा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। विद्युत व्यवस्था में सुधार और समेसी गांव की गाटा संख्या 13,14 व 15 की वरासत को लेकर मंगलवार को किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान की मांग की। किसानों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर भूमि संबंधी मामले में पूर्व आदेशों के आधार पर कार्रवाई की मांग रखी जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एसीएम प्रशांत ने किसानों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल शक्ति भवन पहुंचा और ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की किसानों ने कहा कि बिल संशोधन और नए कनेक्शन की सुविधा पावर हाउस स्तर पर पहले की तरह बहाल की जाए ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए परेशान न होना पड़े मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों से वार्ता में किसानों ने क्षेत्र में निर्बाध आपूर्ति, बिल संशोधन और कनेक्शन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग रखी अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर, मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, समेसी प्रधान अशोक कुमार सहित कई किसान मौजूद रहे।

## महापौर संग विकास पर भाजपा वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह, के साथ मंथन

### महापौर सुषमा खर्कवाल से मिले भाजपा वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह, शहर के विकास और जनहित के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी राजकुमार सिंह ने सोमवार को लखनऊ महानगर की प्रथम नागरिक एवं महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल से उनके कैंप कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की मुलाकात के दौरान महापौर ने श्री सिंह का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया और उनके सामाजिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों की सराहना की भेंट के दौरान लखनऊ के समग्र विकास, नगर निगम की जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण, पेयजल, हरित वातावरण, यातायात व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई श्री राजकुमार सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जनसरोकारों एवं स्थानीय समस्याओं को महापौर के समक्ष प्रमुखता से रखा तथा उनके प्रभावी समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा और जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से शहर को और अधिक स्वच्छ सुंदर एवं व्यवस्थित बनाया जाएगा। भाजपा वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह ने महापौर द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान एवं आत्मीय स्वागत के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि लखनऊ के सर्वांगीण विकास जनसेवा और समाजहित के कार्यों में वे आगे भी सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे तथा जनता और प्रशासन के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करेंगे। यह शिष्टाचार भेंट सामाजिक समरसता, जनसेवा और विकास के प्रति साझा संकल्प का सकारात्मक संदेश देने वाली रही।

## संक्षेप

### नदी के बढ़े जलस्तर में आई गिरावट ग्रामीणों ने ली राहत की सास

बांगरमऊ, उन्नाव। कल्याणी नदी में बढ़े जलस्तर से ग्रामीणों की मुश्किले कम नहीं हुई है हालांकि मंगलवार को जलस्तर में बढ़ोत्तरी नहीं होती दिखाई दी जिससे ग्रामीण थोड़ी राहत की सांस लेते दिखाई पड़ रहे है। गौरतलब हो पिछले कई दिनों से कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ रहा था जिससे किनारे के गांव, शिवलाल पुरवा, कुशराजपुर, भिलोई, लोनारी, बेहटा कच्छ ,देवरिया, छोट्टा पुरवा आदि सहित अन्य गांवों के निकट जलभराव से जनजीवन प्रभावित बना हुआ है तो अनेक रास्तों पर पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित है। इस बढ़ते जलस्तर से तमाम किसानों की धान सहित अन्य तरह की फसले बर्बाद हो रही है जिससे जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है ।मंगलवार को जलस्तर स्थिर बना रहा जिससे लोग कुछ राहत की सांस ले रहे है हालांकि मुसीबत अभी कम होती नहीं दिख रही है।

### कटखने बन्दर के आतंक से घर से निकलने से डरते ग्रामीण

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के कांथा ,पाठकपुर , कन्दरपुर , सरैया , बाबुरहा , असोहा , निमैचा , अजयपुर सहित अन्य गांवों में पिछले एक सप्ताह से बन्दरो का आतंक मचा हुआ है , काटने वाले बन्दर लोगो को दौड़ा दौड़ा सहित घरो में घुस कर काट रहे है पाठकपुर गांव में घर मे काम कर रही लक्ष्मी देवी को तथा दुकान सामान लेने जा रही बबली को कटखने बन्दर ने काट लिया ,उक्त दोनों को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहाँ इलाज के बाद दोनों घायलों घर भेज दिया गया बीते पन्द्रह दिनों में क्षेत्र के दर्जनों गांवों में सुधीर कुमार , गौरव त्रिपाठी ,शंकरी ,छविनाथ संतोष तिवारी ,महादीन प्रकाश रामकुमार , सरोज सहित दर्जनों लोग कटखने बन्दरो के आतंक का शिकार हो चुके है ग्रामीणों ने बताया कि ये बन्दर जैसे ही किसी को देखते है दौड़ा कर काट लेते है। अब तो हालात ये है कि बन्दरो के डर से लोग घरो से निकलने से डरने लगे है । ग्रामीण राजेश अग्निहोत्री , नीरज त्रिपाठी , आलोक ।दुबे ,भोलू योगेश आदि ने बीते शनिवार को थाना दिवस में उपजिलाधिकारी को बन्दरो से निजात दिलाये जाने का प्रार्थना पत्र दिया था

### संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला युवक का शव

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम पाटन में तकिया रेलवे स्टेशन के पास धमनी खेड़ा रोड के किनारे एक युवक अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले गई ।जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। मृतक व्यक्ति की पहचान नीरज पटेल उर्फ छोटू40 वर्ष पुत्र बुद्धिलाल पटेल निवासी पाटन थाना बिहार क्षेत्र के रूप में हुई।मृतक दो भाइयों मे छोटा था ।मजदूरी करता था। बड़ा भाई दीपक व मां राजकली का रो रो कर बेहाल है । पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी ।

# वादाखिलाफी के विरोध में लेखपालों ने खोला मोर्चा



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर तहसील बीघापुर के लेखपालों ने शासन और राजस्व परिषद की वादाखिलाफी के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। अपनी लंबित मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई न होने से नाराज लेखपालों ने मंगलवार से अतिरिक्त प्रभार वाले हल्कों के बहिष्कार का निर्णय लिया है।

इस निर्णय के तहत तहसील बीघापुर के 25 लेखपालों ने अपने अतिरिक्त प्रभार वाले हल्कों के समस्त राजस्व अभिलेखों (बस्तों) को राजस्व निरीक्षक कार्यालय में जमा करा दिया है। तहसील अध्यक्ष मर्दन सिंह एवं तहसील मंत्री अमर सिंह ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के निदेशानुसार गत 2 अगस्त 2026 को शासन को ज्ञापन दिया गया था। इसमें मुख्य मांगें अन्तर्मण्डलीय स्थानांतरण, चयन वर्ष 2025-26 की पदोन्नति, भत्ता वृद्धि, लेखपाल पद को 'टेक्निकल पद' घोषित किया जाना

आदि शामिल थीं। 45 दिन का समय बीत जाने के बाद भी शासन एवं परिषद स्तर से इन मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिसके कारण विवश होकर संघ को यह कदम उठाना पड़ा।

इस दौरान संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनू कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राशी पटेल, उपमंत्री आयुष पटेल, कोषाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव, लेखा परीक्षक विशाल निर्मल, मीडिया प्रभारी राकेश बाबू समेत अन्य लेखपाल उपस्थित रहे।

### खेत में खड़ी फसल की रखवाली कर रहे किसान पर आवारा साड़ ने बोला हमला

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बरासगवर क्षेत्र के कुंभी गाँव में खेत में मूंग की फसल की रखवाली कर रहे युवक पर एक आवारा सांड ने अचानक हमला कर दिया। सांड के इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी के अनुसार, कुंभी गाँव निवासी राजू शर्मा का 23 वर्षीय पुत्र मोनू उर्फ मोहित शर्मा रोजाना की तरह अपने खेत में लगी मूंग की फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए रखवाली कर रहा था। इसी दौरान एक हिंसक सांड ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। सांड ने मोनू को पटक-पटक कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुँचे, तब तक आवारा सांड़ भाग गया। परिजन घायल को सौ बेड शैय्या बीघापुर ले भागे ।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में घूम रहा यह सांड बेहद आक्रामक हो चुका है ।इससे पहले भी यह सांड इलाके के दो-तीन लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर चुका है।

# ब्लाक संसाधन केंद्र पर सम्पन्न हुआ शिक्षक संघ का चुनाव



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के निर्वाचन में चुनाव अधिकारी श्याम सिंह तथा पर्यवेक्षक वरुण सिंह की देखरेख में ब्लॉक संसाधन केन्द्र में हुआ ।चुनाव में अध्यक्ष पद पर राज किशोर अध्यक्ष महामंत्री अरुण कुमार मिश्रा उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार सिंह शिवानीकुमार, ओम प्रकाश, श्याम लाल तथा कोषाध्यक्ष ज्योत्सना शुक्ला, संयुक्त मंत्री ब्रजकिशोर सिंह ,धर्मेंद्र कुमार सिंह, अविनाश चंद्र, दीपक बाबू ,लेखाकार पंकज बिहारी वाजपेई , आय व्यय निरीक्षक राजेंद्र वर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए ।निर्वाचन में प्रमुख रूप से शिक्षकों जिला अध्यक्ष अनुपम मिश्र ,महामंत्री राम जन्म सिंह संरक्षक राघवेंद्र सिंह आदि रहे। निर्वाचन के बाद आयोजित शिक्षा उन्नयन गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने कहा कि नई कमेटी शिक्षकों के हित के लिए संघर्ष करती रहेगी उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नव निर्वाचित कमेटी शिक्षकों की समस्याओ को समय से समाधान कराएगी। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जिम्मेदारी भी शिक्षकों के कंधे पर है अच्छे शिक्षण कार्य से संस्कारवान मेधावी बच्चे बनते हैं शिक्षकों को अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना है तभी एक सुंदर समाज सुंदर देश की कल्पना साकार होगी।

# जीने से नीचे उतर रहे युवक का फिसला पैर गिरने से हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कठार गांव में सोमवार रात जीने से पैर फिसल जाने के कारण 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची लालकुआं चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कठार निवासी कुलदीप पटेल (33) पुत्र रामेश्वर पटेल सोमवार रात करीब 10 बजे भोजन करने के बाद छत पर टहल रहे थे। इसी दौरान फोन आने पर वह छत से नीचे उतरने लगे। जीने में अचानक पैर फिसल जाने से वह नीचे जा गिरे और सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन उन्हें तत्काल 100 बेड अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

कुलदीप गांव में रहकर खेती-बाड़ी का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी रजनी पटेल, दो पुत्रियां लवप्रीत (10) व अनप्रीत (6) तथा तीन वर्षीय पुत्र लवदीप हैं। घटना के बाद पत्नी रजनी पटेल और मां राजरानी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक का बड़ा भाई रंकज पटेल भी गांव में ही रहता है ।लालकुआं चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अतिक्रमण के चलते निर्माण कार्य में आई रुकावट



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। नगर पंचायत अंबेडकर नगर स्थित सब्जी मंडी में बनने वाले गोल चौराहे में अतिक्रमण के चलते निर्माण कार्य रुका हुआ है ।अतिक्रमण हटवाने के लिए नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, लेखपाल सुनील कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन कर भूमि खाली करने के निर्देश दिए ।अंबेडकर नगर सब्जी मंडी में गोल चौराहा का निर्माण ,सुंदरीकरण तथा सड़क का चौड़ीकरण को लेकर चल रहा काम पिछले एक पखवाड़े से बंद है। चौराहे का काम रुके होने से नगर पंचायत आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।ई ओ संदीप कुमार की सूचना पर मंगलवार को शाम नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, लेखपाल सुनील कुमार सिंह , एस आई मोहित कन्नौजिया व राधा रमन यादव सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच लेखपाल ने भूमि का चिन्हांकन कर लोगों से तत्काल कब्जा हटाने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने बताया कि कल दोपहर तक समय दिया गया है कल दोपहर बाद कब्जे को हटा दिया जाएगा।

# पिकअप व बुलेट की टक्कर से एक युवक की मौत, दो घायल



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 8 बजे तेज रफ्तार पिकअप और बुलेट बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 19 साल के बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार मौरावां थाना क्षेत्र के भूपखेड़ा मजरा गुलरिहा निवासी विवेक (19) पुत्र स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद अपनी बुलेट मोटरसाइकिल यूपी 35 एयू 5739 से जा रहा था। गणेश राम इंटर कॉलेज गुलरिहा के पास सामने से आ रही पिकअप यूपी 35 सीटी 8379 ने उसे टक्कर मार दी ।टक्कर में बाइक सवार विवेक के साथ पिकअप चालक राकेश (40) पुत्र उदयभान और मौके पर मौजूद दुर्गेश (18) पुत्र सूर्यपाल निवासी भूपखेड़ा घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों को सीएचसी मौरावां पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने विवेक की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। रास्ते में और इलाज के दौरान विवेक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घायल राकेश और दुर्गेश की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# अनियंत्रित स्कूल बस खंती में घुसी बाल बाल बचे सवार छात्र



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा भगवंतनगर स्थित उदय नारायण पब्लिक स्कूल की बस का स्टेयरिंग फेल होने से बस खंती में चली गयी। गनीमत रही राहगीरों की सक्रियता से बस पलटने से बच गयी। कुछ बच्चो को मामूली चोटे आयी लेकिन सभी बच्चे सुरक्षित बच गए।

हादसा उस समय हुआ सुमेरपुर - बक्सर मार्ग पर बाजपेयी खेडा के पास यू एन पब्लिक स्कूल के बच्चों को स्कूल ले जा रही बस की स्टेयरिंग मे खराबी आ जाने से अनियंत्रित हो गयी। अनियंत्रित बस एक 10 फुट गहरी खाई में जाकर पलटने वाली ही थी तभी वही स्थित धर्मकांटे के लोग बस में बाहर से लटक गई जिससे बस पलटने से बच गयी। बस मे सवार करीब 30 बच्चे सुरक्षित बच गये । ग्रामीणों की मदत से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल कर स्कूल भेजा गया । बस चालक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि स्टेयरिंग में खराबी के कारण घटना हुई है ।सभी लोग सुरक्षित है ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को हाईड्रा की मदद से भार निकाला ।विगत हो यह चर्चित स्कूल पहले भी बिना नंबर प्लेट की बसों को रोड पर दौड़ाता रहा है जिसकी खबर भी प्रकाशित हुई थी। तहसील क्षेत्र में स्कूली बसों के मानक अनफिट होते हुए भी छात्रों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है।

*बस खंती मे जाने के कारण बिहार बक्सर मार्ग पर करीब दो किलोमीटर लम्बा जाम आधा घण्टा तक लगा रहा ।पुलिस की सहायता से बस हटने के बाद खुल सका ।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है ।*

# तीन बाइकों की भीषण टक्कर में चार युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर मंगलवार को तीन बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। रघुरामपुर गांव के सामने हुए हादसे में तीनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ततीयापुर गांव निवासी लक्ष्मी शंकर (28) पुत्र रामनारायण और कन्हैया लाल (33) पुत्र छोटे लाल एक बाइक पर सवार होकर बांगरमऊ की ओर जा रहे थे। दूसरी ओर से पलिया गांव निवासी मोनू (24) पुत्र जयसिंह अपनी बाइक से रघुरामपुर की तरफ आ रहा था।

इसी दौरान प्रीतमपुरवा निवासी पंकज (28) पुत्र लालाराम की बाइक अनियंत्रित हो गई और तीनों बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी सीएचसी पहुंच गए और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


# गंगा आरती में शामिल होने आए युवक की बाइक चोरी

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। प्रसिद्ध सिद्धपीठ बक्सर स्थित मां चंडिका देवी मंदिर परिसर से गंगा आरती में शामिल होने आए एक श्रद्धालु की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर बारा सगवर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पड़ोसी जनपद रायबरेली के खीरों थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा खेड़ा निवासी अंकित कुमार बीते 28 अगस्त को अपनी बाइक से मां चंडिका देवी मंदिर में दर्शन-पूजन करने आए थे। अंकित ने पुलिस को दी गई अपनी तहरीर में बताया कि शाम करीब सात बजे उन्होंने अपनी बाइक मंदिर परिसर में ही खड़ी की थी और स्वयं गंगा आरती में शामिल होने चले गए ।लगभग एक घंटे बाद जब वह आरती समाप्त होने पर वापस लौटे, तो गाड़ी अपने स्थान से गायब थी। पीड़ित ने काफी देर तक आसपास के इलाकों और लोगों से पूछताछ कर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। थक-हारकर पीड़ित ने स्थानीय थाने में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई ।मामले की जानकारी देते हुए बारा सगवर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि पीड़ित अंकित कुमार की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों की जांच कर रही है, जल्द ही बाइक बरामद कर चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गंगाघाट स्टेशन के पास ट्रैक पर मिला महिला का शव, पहचान में जुटी पुलिस



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव ।गंगाघाट रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव बरामद हुआ। शव अप लाइन पर किमी. 67/15 और 67/14 के बीच पड़ा मिला, जो बुरी तरह क्षत-विक्षत था।

जानकारी के अनुसार महिला का दायां हाथ और दायां पैर धड़ से अलग हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीमें मौके पर पहुंचीं और छानबीन शुरू की।

रेलवे पुलिस ने बताया कि सुबह ट्रैक पर शव होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दोनों टीमों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि महिला किसी ट्रेन की चपेट में आ गई या चलती ट्रेन से गिर गई। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

शव मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के लोगों और यात्रियों से पूछताछ कर महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो सकी थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

जीआरपी और आरपीएफ यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मृतका किस ट्रेन में यात्रा कर रही थी और किन परिस्थितियों में ट्रैक पर आई। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही महिला के हुलिए की जानकारी आसपास के थानों को भी भेजी गई है ताकि जल्द पहचान हो सके।

पुलिस का कहना है कि पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# चबूतरा तोड़ने को लेकर बवाल, बुजुर्ग पर हमले का प्रयास



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव ।सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस मोहल्ले में सोमवार को पुराना चबूतरा तोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष ने बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी और तमंचे से हमला करने की कोशिश की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है ।पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो सामने आने के बाद सदर कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की। पता चला कि सिविल लाइंस निवासी हेमंत सिंह सेंगर (40) अपने घर के बाहर पुराना चबूतरा तोड़ रहे थे। पड़ोस में रहने वाले गार्गी शंकर मिश्रा (70) ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो दोनों में बहस हो गई ।आरोप है कि बहस के दौरान हेमंत सिंह ने कुल्हाड़ी और तमंचा निकालकर बुजुर्ग पर हमला करने का प्रयास किया। किसी राहगीर ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया ।सदर कोतवाली पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपी को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। पीड़ित की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सीएचसी परिसर में ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। सीएचसी में मंगलवार दोपहर ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने अभियान को लेकर विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपीं ।यूनिसेफ मॉनिटर मो आसिफ ने बताया कि अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करेंगी। मच्छरजनित रोगों की रोकथाम, साफ-सफाई, जलभराव खत्म कराने और संदिग्ध मरीजों की पहचान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ।सीएचसी अधीक्षक डॉ. सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि घर-घर संपर्क के दौरान संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें समय से जांच और उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा जाएगा। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाने की अपील की ।बैठक में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश मौर्या, वीडीओ रोहित राणा, प्रशांत दीक्षित, स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एंबेसडर रोहित गुप्ता, हर्षित तिवारी, प्रशान्त कुमार समेत बाल विकास एवं पुष्टाहार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शौच के बहाने शाम को घर से निकली छात्रा का पेड़ से लटका मिला शव

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सोहनखेड़ा गांव के बाहर बाग में मंगलवार सुबह बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा का शव आम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।सोहनखेड़ा गांव निवासी स्व. पवन कुमार की 20 वर्षीय पुत्री वंदना बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार सोमवार शाम वह शौच जाने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह गांव के श्याम नारायण के आम के बाग में ग्रामीणों ने पेड़ से शव लटका देखा। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे ।बताया गया कि वंदना के पिता की करीब दस वर्ष पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिवार में मां के अलावा एक छोटी बहन और छोटा भाई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया ।ग्रामीणों में चर्चा है कि वंदना किसी बात को लेकर घर में उसकी मां से कहासुनी भी हुई थी। हालांकि आत्महत्या की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस शव पोषमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच कर रही है।

## सम्पादकीय

# नकल रोकना अपराध नहीं पर छात्रों को बचाना जरूरी

आईआईटी बॉम्बे में एक छात्र की आत्महत्या ने देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था के सामने ऐसे सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनसे आंखें चुराना अब संभव नहीं। सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि एक छात्र परीक्षा में मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए क्यों पकड़ा गया और उसके बाद उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। बड़ा सवाल यह है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था ने बच्चों को केवल सफल होना सिखाया है, असफलता को स्वीकार करना नहीं? और दूसरा सवाल इससे भी ज्यादा सीधा है, अगर कोई शिक्षक परीक्षा में नकल रोकता है तो आखिर उसकी गलती क्या है? परीक्षा कक्ष में नियम लागू करना शिक्षक की जिम्मेदारी है। यदि किसी विद्यार्थी के पास मोबाइल पाया जाता है या वह अनुचित तरीके से उत्तर हासिल करने का प्रयास करता है तो शिक्षक का उसे रोकना स्वाभाविक है। आईआईटी बॉम्बे के मामले में संस्थान का कहना है कि छात्र को परीक्षा के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल करते पाया गया था और उसके खिलाफ तत्काल कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी। संस्थान के अनुसार शिक्षक और विभागाध्यक्ष ने उससे बात की थी और उसे यह भरोसा दिलाया गया था कि इस घटना का उसके करियर पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। इसके बावजूद छात्र की आत्महत्या ने पूरे कैंपस को हिला दिया। घटना के बाद सैकड़ों छात्र विरोध में उतर आए और परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ीं। यहां एक बेहद महत्वपूर्ण अंतर को समझना होगा। किसी शिक्षक द्वारा नकल पकड़ना एक बात है और उसके व्यवहार में अनुचितता का आरोप दूसरी बात। यदि शिक्षक ने छात्र के साथ अपमानजनक व्यवहार किया, जातिगत टिप्पणी की, अनावश्यक दबाव बनाया या नियमों से हटकर व्यवहार किया, तो उसकी जांच होनी चाहिए। परिवार ने ऐसे आरोप लगाए हैं और संस्थान ने जातिगत भेदभाव के आरोपों से इनकार किया है। इन आरोपों का फैसला जांच के आधार पर होना चाहिए, भीड़ या भावनाओं के आधार पर नहीं। लेकिन इस पूरी बहस में एक खतरनाक संदेश नहीं जाना चाहिए कि किसी विद्यार्थी को नकल करते पकड़ना ही शिक्षक की गलती है। लेकिन यहीं से कहानी का दूसरा और अधिक गंभीर पक्ष सामने आता है। आखिर इतनी छोटी असफलता इतनी बड़ी क्यों बन रही है? एक परीक्षा में पकड़ा जाना, एक विषय में फेल होना, कम अंक आना या किसी नियम का उल्लंघन करना। ये जीवन की कठिन परिस्थितियां हो सकती हैं, लेकिन जीवन का अंत नहीं। शिक्षा व्यवस्था को अपना नजरिया बदलना होगा। काउंसलिंग केवल उस समय नहीं होनी चाहिए जब कोई विद्यार्थी संकट में पहुंच जाए। नियमित मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग को शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। आईआईटी बॉम्बे सहित कई उच्च शिक्षण संस्थानों में काउंसलिंग और वेलनेस की व्यवस्थाएं पहले से मौजूद हैं। लेकिन अब जरूरत इन सेवाओं को नियमित छात्र-जीवन का हिस्सा बनाने की है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि मानसिक स्वास्थ्य के नाम पर अनुशासन खत्म कर दिया जाए। नकल को नकल ही कहा जाना चाहिए। नियम तोड़ने पर उचित कार्रवाई भी होनी चाहिए। लेकिन कार्रवाई और अपमान में फर्क है। अनुशासन और प्रताड़ना में अंतर है। गलती बताने और विद्यार्थी को तोड़ देने में भी फर्क है। शिक्षक का काम नियम लागू करना है। संस्थान का काम नियमों के साथ निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।



सियासत
ओमकार चौधरी


# कांग्रेस के कृत्य भी याद करें राहुल

**राहुल गांधी के "वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी" वाले आरोप ने तृणमूल कांग्रेस के नाम-चिह्न विवाद को व्यापक राजनीतिक बहस में बदल दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के दावों के कारण अंतिम निर्णय तक मूल नाम और चिह्न पर रोक लगाई गई है। लेकिन इस बहस को केवल मौजूदा विवाद तक सीमित रखना इतिहास को अधूरा पढ़ना होगा। भारतीय राजनीति में दलों का विभाजन, समर्थन वापसी, गठबंधन और अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल लंबे समय से सत्ता-संघर्ष का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस समेत सभी दलों के अतीत को तथ्यों की कसौटी पर परखना जरूरी है।**

राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव-चिह्न पर चुनाव आयोग की अंतरिम रोक के बाद भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पहले शिवसेना, फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अब तृणमूल कांग्रेस हर बार एक ही तरीका अपनाया गया: पार्टी तोड़ी गई, चुनाव-चिह्न पर कब्जे की लड़ाई खड़ी हुई और जनता के जनादेश को पलटने का प्रयास हुआ। उन्होंने इसे "वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी" की भाषा में व्यक्त किया। चुनाव आयोग का पक्ष अलग है। आयोग का कहना है कि तृणमूल के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों ने पार्टी के नाम और चुनाव-चिह्न पर दावा किया, इसलिए अंतिम निर्णय तक दोनों को मूल नाम और चिह्न के उपयोग से रोका गया।

राहुल का आरोप राजनीतिक रूप से तीखा है और इसकी जांच वर्तमान तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए। लेकिन जब कांग्रेस स्वयं विपक्षी दलों की सरकारें गिराने, दलों में विभाजन कराने या जनादेश पलटने की राजनीति का आरोप लगाती है, तब उसके अपने लंबे राजनीतिक इतिहास की समीक्षा भी जरूरी हो जाती है। इतिहास यह बताता है कि भारत में सत्ता की राजनीति, गठबंधन तोड़ने, समर्थन वापस लेने और अनुच्छेद 356 के इस्तेमाल का सिलसिला किसी एक दल तक सीमित नहीं रहा। मगर कांग्रेस का रिकॉर्ड इसलिए विशेष रूप से चर्चा में आता है, क्योंकि उसने दशकों तक केंद्र की सत्ता संभाली और इसी दौरान अनुच्छेद 356 का सबसे व्यापक इस्तेमाल हुआ। सबसे शुरुआती चर्चित उदाहरण 1959 का केरल है। जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे और ई.एम.एस. नंबूदरीपाद के नेतृत्व में निर्वाचित कम्युनिस्ट सरकार सत्ता में थी। राजनीतिक आंदोलन और कानून-व्यवस्था के सवालों के बीच केंद्र ने अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल कर सरकार बर्खास्त कर दी। यह स्वतंत्र भारत में किसी निर्वाचित विपक्षी राज्य सरकार को हटाने के शुरुआती बड़े उदाहरणों में से एक था। उपलब्ध अभिलेख बताते हैं कि नेहरू सरकार 1959 तक अनुच्छेद 356 का छह बार उपयोग कर चुकी थी। इसके बाद इंदिरा गांधी के दौर में राष्ट्रपति शासन का इस्तेमाल कहीं बड़े पैमाने पर हुआ। 1967 से 1969 के बीच ही अनुच्छेद 356 सात बार लगाया गया। 1970 से 1974 के बीच राष्ट्रपति शासन 19 बार लगाया गया। यह वह दौर था जब राज्यों में गैर-कांग्रेसी गठबंधन उभर रहे थे, दल-बदल बढ़ रहा था और कांग्रेस के केंद्रीय वर्चस्व को चुनौती मिल रही थी। लेकिन सबसे उल्लेखनीय घटना फरवरी 1980 की है। इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता में लौटीं और इसके तुरंत बाद नौ गैर-कांग्रेसी राज्यों की विधानसभाएं भंग कर दी गईं। ये राज्य थे। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, ओडिशा, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु। गृह मंत्रालय के आधिकारिक अभिलेख में भी 17 फरवरी 1980 को इन नौ राज्यों में अनुच्छेद 356 लागू कर विधानसभाएं भंग किए जाने का विवरण दर्ज है।

इतिहास की निष्पक्षता के लिए यह भी जोड़ना जरूरी है कि 1977 में जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने भी सत्ता में आते ही कई कांग्रेस-शासित राज्यों की सरकारें हटाई थीं। 1980 की कार्रवाई को उसी राजनीतिक परंपरा की उलटी प्रतिक्रिया के रूप में भी देखा गया। कांग्रेस के राजनीतिक हस्तक्षेप का एक अलग उदाहरण 1979 का है। चरण सिंह प्रधानमंत्री बने थे और उनकी सरकार



कांग्रेस के बाहरी समर्थन पर निर्भर थी। विश्वास मत से पहले इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाले कांग्रेस समूह ने समर्थन वापस ले लिया। चरण सिंह लोकसभा में बहुमत साबित करने से पहले ही इस्तीफा देने को मजबूर हुए। यह अनुच्छेद 356 का मामला नहीं था, लेकिन समर्थन देकर सरकार बनवाने और फिर समर्थन वापस लेकर सत्ता संकट खड़ा करने का स्पष्ट उदाहरण था। 1989 में कर्नाटक की एस.आर. बोम्मई सरकार की बर्खास्तगी ने इस पूरे प्रश्न को संवैधानिक मोड़ दिया। केंद्र की कांग्रेस सरकार ने बहुमत खोने की राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की। मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा और 1994 में नौ न्यायाधीशों की पीठ ने ऐतिहासिक फैसला दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति की कार्रवाई न्यायिक समीक्षा से बाहर नहीं है और इस शक्ति का इस्तेमाल केंद्र में सत्तारूढ़ दल के राजनीतिक हितों के लिए नहीं किया जा सकता। 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव की कांग्रेस सरकार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकारें बर्खास्त कर दीं। उत्तर प्रदेश में घटनाक्रम अलग था, क्योंकि मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने पहले इस्तीफा दिया था और उसके बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया। फिर भी 1992-93 की कार्रवाई अनुच्छेद 356 के राजनीतिक इस्तेमाल पर होने वाली बहस का प्रमुख हिस्सा बनी। केंद्र की राजनीति में 1999 का वाजपेयी सरकार प्रकरण अक्सर कांग्रेस के खिलाफ उदाहरण के रूप में दिया जाता है। यहां तथ्यों को ठीक क्रम में रखना जरूरी है। संकट तब शुरू हुआ जब जयललिता की अन्नाद्रमुक, जिसके 18 सांसद थे, ने वाजपेयी सरकार से समर्थन वापस लिया। राष्ट्रपति के निर्देश पर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने विश्वास मत मांगा और 17 अप्रैल 1999 को प्रस्ताव 269 के मुकाबले 270 मतों से पराजित हुआ। 2018 के कर्नाटक चुनाव ने गठबंधन राजनीति का नया उदाहरण दिया। भाजपा 104 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल बनी, लेकिन बहुमत से आठ सीट पीछे थी। कांग्रेस को 78 और जेडी(एस) को 37 सीटें मिलीं। कांग्रेस ने जेडी(एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी को समर्थन दिया और दोनों दलों ने सरकार बनाई। यह पूरी तरह संवैधानिक चुनाव-बाद गठबंधन था, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से भाजपा ने इसे सबसे बड़े दल को सत्ता से दूर रखने की रणनीति बताया। 2019 के महाराष्ट्र चुनाव में स्थिति और जटिल थी। भाजपा ने 105 और शिवसेना ने 56 सीटें जीतीं। दोनों चुनाव-पूर्व गठबंधन में थे और संयुक्त संख्या स्पष्ट बहुमत से ऊपर थी। राहुल आज "वोट चोरी, सरकार चोरी और पार्टी चोरी" की बात कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस का अपना इतिहास भी सत्ता-समीकरण, समर्थन वापसी, अनुच्छेद 356 के इस्तेमाल और चुनाव-बाद गठबंधन की राजनीति से खाली नहीं है। 1959 का केरल, 1980 के नौ राज्य, 1992 की भाजपा सरकारें, 1979 में चरण सिंह, 2018 का कर्नाटक और 2019 का महाराष्ट्र ये सभी घटनाएं इस राजनीतिक इतिहास के दस्तावेज हैं। इसलिए कांग्रेस को पूरी तरह "दूध की धुली" मानना इतिहास के साथ न्याय नहीं होगा। इतिहास किसी एक दल को निर्दोष या दोषी घोषित करने का साधन नहीं होना चाहिए, बल्कि यह याद दिलाने का माध्यम होना चाहिए कि भारतीय राजनीति में सत्ता के लिए गठबंधन, विभाजन, समर्थन-वापसी और संवैधानिक प्रावधानों के राजनीतिक इस्तेमाल की परंपरा पुरानी है और कांग्रेस भी उससे बाहर नहीं रही।

विचार
दयालदास बघेल



# हर गरीब की थाली, हर घर की गरिमा और हर हाथ का योगदान ही है सेवा से संकल्प

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में कुछ अवसर केवल उत्सव के नहीं होते, वे आत्मचिंतन और संकल्प के अवसर बन जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होना ऐसा ही अवसर है। यह 25 वर्ष केवल एक राजनीतिक यात्रा के वर्ष नहीं हैं, बल्कि सेवा, जनभागीदारी और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की निरंतर कोशिशों की यात्रा के रूप में देखे जाते हैं। 'सेवा संकल्प अभियान' इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की अपनी भूमिका को रेखांकित करने का अवसर है।

सेवा का अर्थ केवल किसी जरूरतमंद को सहायता देना नहीं है। सेवा वह भाव है, जिसमें हम अपने आसपास की समस्या को अपनी समस्या मानकर उसके समाधान के लिए आगे आते हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी जनभागीदारी की भावना को राष्ट्रीय आंदोलन का स्वरूप दिया। वर्ष 2014 में प्रारंभ हुआ स्वच्छ भारत मिशन धीरे-धीरे सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़कर नागरिक सहभागिता का व्यापक अभियान बना। आज 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' की भावना इसी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ा रही है।

गंगा केवल एक नदी नहीं, भारत की आस्था, संस्कृति और सभ्यता की जीवनधारा है। नमामि गंगे के माध्यम से गंगा की स्वच्छता, घाटों के विकास, प्रदूषण नियंत्रण और जनभागीदारी को एक व्यापक मिशन से जोड़ा गया। गंगा स्वच्छता पखवाड़ा, श्रमदान, घाटों की सफाई और जनजागरूकता जैसे प्रयासों ने यह संदेश दिया कि नदियों की निर्मलता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा भाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष गरीब और वंचित परिवारों की गरिमा से जुड़ा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा हस्तक्षेप किया। 10 सितंबर 2026 तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10.56 करोड़ से अधिक कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। यह केवल गैस कनेक्शन का आंकड़ा नहीं है; एक गरीब महिला के लिए धुएं से राहत, समय की बचत और सम्मान के साथ जीवन जीने की सुविधा भी है। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी गरीब परिवारों की चिंता को केंद्र में रखा गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 1 जनवरी 2024 से पांच वर्षों के लिए लगभग 81.35 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में लगभग 80 करोड़ लोग इस व्यवस्था के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। मेरे लिए, खाद्य विभाग से जुड़े दायित्व के कारण, इस सेवा का अर्थ और भी गहरा है- किसी गरीब परिवार की रसोई में चूल्हा जलना और उसकी थाली में भोजन पहुंचना शासन की संवेदनशीलता का सबसे प्रत्यक्ष प्रमाण है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मोदी की गारंटी के तहत किसानों से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा में 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से राज्य के 25.24 लाख किसानों से 2740 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 141.04 लाख में टन धान की खरीदी की गई है। किसानों से धान खरीदी की राशि ऑनलाईन उनके खाते में यथाशीघ्र अंतरित की गई है। किसानों को समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना अंतर्गत कुल 43723 करोड़ रूपए अंतरित किया गया है। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों की सुविधा के लिए नवीन 362 उपार्जन केन्द्र खोला गया है।

छत्तीसगढ़ ने भी इस भावना को अपनी धरती और परिस्थितियों के अनुरूप आगे बढ़ाया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राज्य में 83 लाख से अधिक राशन कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाने की व्यवस्था है। खाद्य विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर राशनकार्ड, उचित मूल्य दुकानों और हितग्राहियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है, जिससे खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने का प्रयास स्पष्ट होता है। बस्तर जैसे दूरस्थ अंचलों में सेवा का अर्थ और व्यापक हो जाता है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत दूरस्थ गांवों और जनजातीय परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोड़ने का प्रयास इस बात का उदाहरण है कि विकास का अर्थ तभी सार्थक है, जब सुविधा उस व्यक्ति तक पहुंचे, जिसके घर तक पहुंचना सबसे कठिन है। खाद्य विभाग के आधिकारिक अभिलेखों में नियद नेल्लानार क्षेत्र के गांवों में अंत्योदय सहित विभिन्न राशनकार्डधारियों को दर्ज किया गया है।

हमारे लिए 'सेवा मेरा योगदान' केवल एक अभियान का नारा नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण का नागरिक संकल्प है। कोई व्यक्ति रक्तदान करके सेवा कर सकता है, कोई नदी-घाट की सफाई में श्रमदान करके, कोई गरीब परिवार को सरकारी योजना का लाभ दिलाकर, कोई जरूरतमंद तक राशन पहुंचाने में सहयोग देकर और कोई अपने गांव-मोहल्ले को स्वच्छ रखने का संकल्प लेकर।

# यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

# काम शुरू करने से महत्वपूर्ण है काम करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### न्याय में देरी, व्यवस्था पर भारी

सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या 65 लाख पार कर गई है। इनमें बड़ी संख्या ऐसे मामलों की है, जो वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इलाहाबाद और राजस्थान हाई कोर्ट में लंबित मामलों का बोझ बड़ा है। बंबई, मद्रास, कर्नाटक और मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की स्थिति चिंताजनक है। विडंबना यह है कि हाई कोर्ट का यह बोझ पूरे न्यायिक संकट का केवल एक हिस्सा है। जिला और अधीनस्थ अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। एनसीएलटी और विभिन्न न्ययाधिकरण भी मुकदमों के बढ़ते दबाव से जूझ रहे हैं। यानी न्याय के हर मंच पर समय की कमी और मामलों की अधिकता एक साथ दिखाई दे रही है।

*- संतोष ठाकुर, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# अत्यधिक मजबूत प्रतिरक्षा के बावजूद लूपस से पीड़ित लोग

लूपस बीमारी से पीड़ित लोगों को अत्यधिक सक्रिय प्रतिरक्षा प्रणाली होने के बावजूद जीवाणु संक्रमण से निजात पाने में समस्या पेश आ सकती है। मेरी टीम और मैंने पाया कि ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि पुरानी और निरंतर रहने वाली सूजन ऐसे लोगों की प्रतिरक्षा कोशिकाओं को भ्रमित कर देती है। एक अत्यधिक सक्रिय प्रतिरक्षा प्रणाली जीवाणु संक्रमण को नियंत्रित करने में विफल क्यों हो सकती है, इसे समझने के लिए हमने न्यूट्रोफिल पर ध्यान केंद्रित किया। न्यूट्रोफिल ऐसी सफेद रक्त कोशिकाएं होती हैं जो शरीर में जीवाणु के प्रवेश करने पर सबसे पहले प्रतिक्रिया करती हैं। न्यूट्रोफिल डीएनए और रोगाणुरोधी प्रोटीन छोड़ सकते हैं



## ऑफ बीट

# नींद में क्यों बोलते हैं लोग? मनोवैज्ञानिक ने समझाया

नींद मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ माइकल आर. नाडोर्फ ने बताया कि उन्होंने करीब दो दशक तक नींद का अध्ययन किया है। उन्हें खास तौर पर 'पैरासोमनिया' में दिलचस्पी है। यह ऐसी घटनाएं होती हैं जिनमें नींद के दौरान शरीर कुछ गतिविधियां करता है या दिमाग कुछ अनुभवों से गुजरता है। इनमें बुरे सपने, नींद में चलना और नींद में बोलना शामिल हैं। नींद एक ही अवस्था नहीं है। हर रात व्यक्ति नींद के कई चरणों से गुजरता है। करीब एक चौथाई नींद 'आरईएम' यानी 'रैपिड आई मूवमेंट' (आंखों की तेज गति) चरण में होती है। इसी दौरान ज्यादातर सपने, खासकर जीवंत सपने, आते हैं। 'नॉन-आरईएम' नींद, जिसमें गहरी नींद की अवस्थाएं भी शामिल हैं,



## ट्रेंड

### हनुमान अंश की टीम को बधाई



आज नई दिल्ली में बाबा नीब करौरी जी के जीवन पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' के कलाकारों से भेंट की। हनुमान जी के प्रति उनकी भक्ति को सिनेमा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए फिल्म की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। **-अमित शाह**, गृह मंत्री

### एसआईआर ने फंसाया



एसआईआर केवल वोट चोरी व लोकतंत्र को खत्म करने का औजार ही नहीं है। बल्कि ये एक फ्रेंकस्टीन मॉन्स्टर (एक कहानी का किरदार) बन गया है, जिसने अब उसी के लोगों को फंसा दिया है। **-मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस अध्यक्ष

### दशहरे पर लागू होगा समझौता



हम अपनी द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी में अगले महत्वपूर्ण पड़ाव को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 20 अक्टूबर को 'दशहरा' के शुभ अवसर पर लागू होगा। यह न्यूजीलैंड के साथ एक मजबूत और अधिक महत्वाकांक्षी आर्थिक साझेदारी बनाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **-पीयूष गोयल**, केंद्रीय मंत्री

### ट्रंप से अहम मुलाकात



रूस के साथ साढ़े चार साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए यह मुलाकात बहुत अहम है और इससे बहुत कुछ बदल सकता है। हमने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बात की है। दोनों ने तय किया है कि वे अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना सत्र के दौरान मुलाकात करेंगे। **-वोलोदिमिर जेलेंस्की**, यूक्रेन के राष्ट्रपति

## संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, बचाने आई मां पर हमला

**चीख सुनकर मां जागी तो आरोपी भागा; पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया**

अमेठी , शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। देर रात छत पर सो रही लड़की को बचाने आई उसकी मां पर भी आरोपी ने हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया। यह घटना देर रात करीब दो बजे की है। आरोप है कि एक युवक ने छत पर सो रही नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। लड़की के शोर मचाने पर उसकी मां मौके पर पहुंची। मां को देखकर आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया और मारपीट की। बेटी की चीख और मां के विरोध के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में छेड़खानी, मारपीट और पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही है। हालांकि, अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

### एसपी ने मिशन शक्ति अभियान पर की गोष्ठी

**शारदीय नवरात्र के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण पर दिए निर्देश**

अमेठी ,आगामी शारदीय नवरात्र और मिशन शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए अमेठी के पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने पुलिस कार्यालय गौरीगंज में एक गोष्ठी की। इसमें मिशन शक्ति केंद्र के नोडल अधिकारी और बीट की महिला अधिकारी व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक ने बीट उपनिरीक्षक, नोडल अधिकारी और महिला बीट आरक्षियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर कम्युनिटी पुलिसिंग और महिला सशक्तिकरण के लिए काम करें। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए ग्राम चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनें और उनका समाधान करें।सख्त कार्रवाई करने को कहा गयागोष्ठी में कई हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी देने और उनके पम्पलेट बांटकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इनमें 1090-वीमेन पावर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा और 1930-साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। इसके साथ ही, शासन द्वारा चलाई जा रही अलग-अलग कल्याणकारी योजनाओं और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने को कहा गया। स्कूल-कॉलेज के खुलने और बंद होने के समय, साथ ही महिला छात्रावासों के पास एंटी रोमियो टीम को सक्रिय रूप से गश्त करने के निर्देश दिए गए। मनचलों और शोहदों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को भी कहा गया।

# विष मुक्त प्राकृतिक खेती अपनाये किसान: विधायक सुरेश्वर सिंह

## पांच किसानों को वितरित किये गये कृषि उपकरण एवं ट्रैक्टर

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल




बहराइच। कृषि विभाग बहराइच के तत्वावधान में हरियाली रिसार्ट लखनऊ रोड बहराइच में आयोजित 01 दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेटस महोत्सव एवं आत्मा किसान मेला कृषि प्रदर्शनी एवं जनपद स्तरीय खरीफ खाद्यान्न उत्पादकता गोष्ठी 2026 व जनपद स्तरीय पराली प्रबन्धन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुरेश्वर सिंह ने एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, नानपारा राम निवास वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण के साथ दीप प्रज्जवलित कर प्रदर्शनी/मेले का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात मेले में लगाये गये कृषि, उद्यान, मत्स्य, रेशम तथा निजी कम्पनियों तथा कृषक उत्पादक संगठनों एवं मिलेट्स स्टोर के स्टालों का निरीक्षण किया।

मुख्य अतिथि श्री सिंह ने किसानों से आह्वान किया की पराली न जलाये, पराली प्रबन्धन का कार्य करें, उन्होनें किसानों से आप अपनी पराली की बिक्री कर आय बढ़ा सकते है। उन्होनें बताया कि जनपद में पराली/फसल अवशेष का क्रय राम रतन अग्रवाल रिसिया द्वारा किया जा रहा है जहां किसान अपनी को विक्रय कर आय अर्जित करें। इसी प्रकार बगल के जनपद बाराबंकी में भी पराली प्लाण्ट लगा हुआ है। उन्होनें किसानों को प्राकृतिक खेती कर स्वास्थ्य तथा पर्यावरण सुदृण करने की सलाह दी। श्री सिंह ने बताया कि बहुत से किसान अपनी फलों और सब्जियों में शाम को जहरयुक्त रसायन का प्रयोग करते है उसी जहरयुक्त रसायन वाली सब्जियां बाजारों में विक्रय करते है खरीदने वाले को यह नहीं पता होता है कि वे क्या खा रहा है। उन्होनें किसानों से कहा कि ऐसा न करें रसायनमुक्त एवं प्राकृतिक खेती कर अपनी सेहत तथा आम जनमानस की सेहत बनाये रखे।विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा ने सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि जब हमारा खान-पान स्वस्थ्य होगा तभी हम और हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनपद स्तरीय किसान मेला के माध्यम से एक ही स्थान पर सरकार द्वारा किसानों के हित में चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इससे सभी किसान प्रशिक्षित होकर उन्नतशील कृषि को अपनाकर आय वृद्धि कर सकेगें। मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने कहा कि सुरक्षित थाली के लिए नेचुरल फार्मिंग करना आवश्यक है।गोष्ठी के अन्त में जिले के पांच किसानों को कस्टर हायरिंग सेण्टर एवं एग्रीगेटर, हाईटेक हब फार कस्टम हायरिंग सेण्टर से लाभान्वित किसानों को मुख्य अतिथि ने अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों के साथ प्रमाण पत्र देकर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डीडीओ राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, डीडीए एग्री विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, शिशिर कुमार वर्मा, जिला गन्नाधिकारी आनन्द शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, प्रगतिशील कृषक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सपनों का भारत के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज के कम्पोजिट विद्यालय बाबागंज में मंगलवार को सेवा संकल्प समारोह के अंतर्गत आयोजित चित्रकला सपनों का भारत प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से आए छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा और विकसित भारत के प्रति उनकी कल्पनाओं का सुंदर प्रदर्शन देखने को मिला। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 6 की तैय्यबा अंसारी कम्पोजिट विद्यालय बसभरिया को प्रथम, कक्षा 6 की ही प्रिंशी कम्पोजिट विद्यालय विशुनापुर को द्वितीय और कक्षा 8 के प्रिंस सिंह कम्पोजिट विद्यालय हकीमगांव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों नें भारत के विकास, पर्यावरण, स्वच्छता, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों कों चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किया।बीईओ राधेश्याम वर्मा ने बताया कि जन सेवा अभियान के तहत कुल 70 छात्र-छात्राओं नें सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया. ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में तीन छात्र-छात्राओं कों चुना गया है। इस मौके पर अजय कुमार मिश्रा,सर्वेश पाठक, नवनीत कुमार प्रेमी, आनन्द प्रकाश आर्य,बच्छराज सोनकर,मोहम्मद इलियास, हर्षनारायन,आकृति गुप्ता, सरोज,शाहीन अंजुम, मोहम्मद सलीम आदि उपस्थिति रहे।

## चोरी के समान सहित खैरीघाट पुलिस ने दो को दबोचा

अमन लेखनी समाचार




शिवपुर, बहराइच। बहराइच पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व सीओ महसी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22. 9.2026 को मुखविर खास की सूचना पर दलजीतपुरवा से रामपुर धोबिया हार बाजार की तरफ आने वाला मुख्य मार्ग से खड़ंजा मार्ग तिराहे पर से करीब 10:00 बजे दो लोग जाकिर पुत्र साबिर व नसरुद्दीन पुत्र हुसैनी निवासी पंडित पुरवा दाखिला दलजीत पुरवा थाना खैरीघाट को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अपराधियों कों मा0 न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया।गिरफ्तार सुदा के पास कब्जे से चोरी का सामान तीन पहिया ठेलिया, पहिया फ्रेम अधूरा स्प्रिंग एंगल, साइकिल का फ्रेम, स्टेबलाइजर एवं प्लास्टिक की बोरी बरामद की गई। वैवाही चौकी प्रभारी शशि प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति सुरक्षा के दृष्टिगत रात्रि गस्त बढ़ा दी गई है, संदेशजनक लोगों का वांछित अपराधियों पर लगातार दविश देकर पूछताछ की जा रही है।

## बोर्ड बैठक न बुलाने पर सभासदों का प्रदर्शन

**कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर कार्रवाई की मांग, भ्रष्टाचार का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों के सभासदों ने मंगलवार 11:30 बजे डीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने नगर पालिका बोर्ड की बैठकें नियमानुसार न बुलाए जाने पर कार्रवाई की मांग की है। सभासदों का आरोप है कि नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 86(2) के तहत बोर्ड बैठक बुलाने के लिए पहले भी पत्र दिए गए थे। 5 सितंबर 2026 को दिए गए पत्र के बाद अधिशासी अधिकारी ने 16 सितंबर 2026 को पत्र जारी किया था। हालांकि, इसके बावजूद तय समय में बोर्ड की बैठक नहीं बुलाई गई।ज्ञापन में सभासदों ने बताया कि अधिनियम के अनुसार नियमित अंतराल पर बोर्ड बैठकें होनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पहले की बैठकों में लिए गए फैसलों का पालन नहीं किया गया। सभासदों ने नगर पालिका की प्रशासनिक व्यवस्था में कथित अनियमितता, भ्रष्टाचार और जनहित के कामों पर असर पड़ने की बात भी कही है।उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि धारा 86(2) के तहत नियमानुसार बोर्ड बैठक बुलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं। इस दौरान दीप सिंह, संजय कप्तान, अखिलेश मिश्रा, गिरीश मिश्रा, विजय कुमार जायसवाल, कंचन लता, पूर्णिमा कुमारी, अरविंद कुमार यादव और अरशद हबीब मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन पर युवक की पिटाई

**सुल्तानपुर में गाड़ी मोड़ने को लेकर विवाद हुआ, तीन आरोपियों के खिलाफ शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , लंभुआ रेलवे स्टेशन पर एक युवक की पिटाई की गई। आरोपियों ने उसे पीटकर लहूलुहान कर दिया। जिसका सोमवार रात सीएचसी में इलाज करवाया गया है।उसके सिर में काफी चोटे आई हैं। रजवाड़े रामपुर (कल्याणपुर) निवासी प्रमोद यादव ने इस मामले में लंभुआ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस मामले में जांच कर रही है।प्रमोद यादव 22 सितंबर को वाराणसी में एयरफोर्स का पेपर था, जिसे देने के लिए वो जा रहे थे। लंभुआ ब्लाक रोड पर गाड़ी मोड़ने को लेकर उनकी कुछ लोगों से कहासुनी हुई थी। इसके बाद जब वह लंभुआ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर पहुंचे, तो तीन युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि सोनू पाण्डेय (निवासी सोनावा, थाना चांदा), दीपक दूबे (निवासी पयागीपुर) और अवधेश तिवारी (निवासी तरदहा पट्टी, जिला प्रतापगढ़) ने गाली-गलौज करते हुए हेलमेट और लात-घूंसों से प्रमोद की पिटाई की। शोर सुनकर स्टेशन पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। इस मारपीट में युवक के सिर और शरीर पर चोटें आई हैं।प्रमोद ने सीएचसी लंभुआ में अपना इलाज कराया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक ही घर से उठीं दो अर्थियां

**ससुर की मौत के अगले दिन बहू ने तोड़ा दम, करीब 10 महीने पहले पति की हुई थी मौत**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , कोतवाली क्षेत्र के भेटुआ विकासखंड की नौगिरवा ग्राम पंचायत के धारमीरपुर गांव में सोमवार सुबह एक ही घर से ससुर और बहू की दो अर्थियां उठीं। 72 वर्षीय राजकुमार विश्वकर्मा की रविवार दोपहर बीमारी के चलते मौत हुई थी। परिवार उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। सोमवार सुबह करीब 8 बजे उनकी 38 वर्षीय बहू पूजा रिश्तेदारों के पहुंचने पर भावुक होकर रोने लगीं।इसी दौरान वह अचानक निढाल होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन उनकी भी मौत हो गई।एक ही घर से दो अर्थियां उठने से पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों के मुताबिक, राजकुमार विश्वकर्मा की रविवार दोपहर करीब 12 बजे इंफेक्शन के चलते मौत हुई थी। परिवार के कुछ सदस्य मुंबई में थे। उनके आने के बाद अंतिम संस्कार करने की तैयारी चल रही थी। सोमवार सुबह राजकुमार की बेटी और पूजा की ननद गांव पहुंचीं। उन्हें देखते ही पूजा भावुक हो गईं और ननद से लिपटकर रोने लगीं। इसी दौरान वह अचानक जमीन पर गिर पड़ीं। परिजनों ने उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन उनकी मौत हो गई।परिवार के सदस्य लकड़ी का काम करते हैं और इसी से उनकी रोजी-रोटी चलती है।

**10 महीने पहले पति की हुई थी मौत**

पूजा के पति संतोष विश्वकर्मा की करीब 10 महीने पहले मौत हो चुकी थी। उनके दो बच्चे विकास (21) और शिल्पा (19) हैं। दोनों अविवाहित हैं। मां की मौत के बाद दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।दोपहर में हुआ दोनों का अंतिम संस्कारएक ही घर में दो मौतों के बाद सोमवार दोपहर करीब 2 बजे मुसही के खेत में राजकुमार और पूजा का अंतिम संस्कार किया गया।पूजा को उनके बेटे विकास ने मुखाग्नि दी, जबकि राजकुमार को उनके बेटे सुरेश विश्वकर्मा (39) ने मुखाग्नि दी।

## ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने छात्र को मारा चांटा

**अलीगढ़ में बचाने आई मां से धक्का-मुक्की, सिग्नल तोड़ने पर विवाद**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, दुबे का पड़ाव चौराहे पर मंगलवार दोपहर लेफ्ट मुड़ने को लेकर ट्रैफिक पुलिस और डीएस कॉलेज के छात्र में विवाद हो गया। छात्र हर्षवर्धन कुमार ने आरोप लगाया कि एक टीआई ने उसे चांटा मारा। विरोध करने पर 5-7 पुलिसकर्मियों ने उसे घेर लिया और जमीन पर गिराकर पीटा। मारपीट में उसके कपड़े फट गए। हर्षवर्धन की मां कुसुम देवी बीच-बचाव करने पहुंचीं तो छात्र ने पुलिसकर्मियों पर उनके साथ भी धक्का-मुक्की और अभद्रता का आरोप लगाया। छात्र के मुताबिक उनकी हाथ की चूड़ियां टूट गईं और उन्हें चोट आई। हर्षवर्धन ने एक टीआई पर शराब के नशे में होने का आरोप भी लगाया है। इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

**अस्पताल जा रहे थे मां-बेटा, लेफ्ट मुड़ने पर रोका**

हर्षवर्धन डीएस कॉलेज में बीए एलएलबी तृतीय सेमेस्टर का छात्र है। उसके मुताबिक वह मंगलवार दोपहर अपनी मां के साथ बहन को देखने सुबोधा वाष्णेय अस्पताल जा रहा था। दुबे का पड़ाव चौराहे पर सिग्नल के अनुसार रुकने के बाद वह लेफ्ट की ओर जाने लगा। छात्र का आरोप है कि इसी दौरान बिना नेम प्लेट लगाए एक टीआई ने उसे रोक लिया। लेफ्ट जाने की बात बताने पर पुलिसकर्मी ने कथित तौर पर गाली-गलौज की। विरोध करने पर चांटा मार दिया। इसके बाद वहां मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने उसे घेरकर पीटा।

**छात्र जुटे, 15-20 मिनट जाम रहा चौराहा**

घटना की खबर कॉलेज पहुंची तो बड़ी संख्या में छात्र दुबे का पड़ाव पहुंच गए। इसी दौरान डीएस इंटर कॉलेज की छुट्टी हो गई। वहां के छात्र भी चौराहे पर जुट गए। भीड़ बढ़ी तो छात्रों ने सड़क पर जाम लगा दिया। करीब 15-20 मिनट तक चौराहे पर यातायात प्रभावित रहा। हंगामे की सूचना पर सीओ द्वितीय-एएसपी सृष्टि जैन समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्रों को समझाकर जाम खुलवाया और उन्हें डीएस कॉलेज परिसर ले गए।मामले की जानकारी मिलने पर एबीवीपी पदाधिकारी और छात्र नेता भी कॉलेज पहुंच गए। उन्होंने छात्र से कथित मारपीट की जांच और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी के अंकुर शर्मा ने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

## पुलिस ने 107 किलो गांजा नष्ट

**कीमत 53 लाख 95 हजार रुपये; सीओ की मौजूदगी में सुलतानपुर में हुई कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी,पुलिस ने नशे के खिलाफ एक्शन लेते हुए 107.9 किलोग्राम गांजा नष्ट किया है। यह कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में की गई। नष्ट किए गए गांजे की कीमत करीब 53 लाख 95 हजार रुपये है। यह गांजा कोर्ट के आदेश पर जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज मामलों में जब्त किया गया था। इसे सुलतानपुर के एक इन्सीनरेटर में नष्ट किया गया। पुलिस टीम ने सोमवार शाम 6 बजे गांजे को नष्ट कराया। अमेठी के पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर सीओ पुलिस लाइन श्वेताभ भाष्कर की मौजूदगी में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने यह गांजा नष्ट किया। कोर्ट से मिले आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई। अमेठी पुलिस ने मुकदमों से संबंधित कुल 107.9 किलोग्राम गांजा नष्ट किया। इसकी कीमत लगभग 53 लाख 95 हजार रुपये है। इस मादक पदार्थ को सुलतानपुर में स्थित मेसर्स रॉयल पाल्यूशन कंट्रोल सर्विसेज के इन्सीनरेटर के जरिए नष्ट किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के अलग-अलग थानों में अवैध मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में जब्त माल को कोर्ट के आदेश पर समय-समय पर नष्ट किया जाता है।

ऐसी कार्रवाई से नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने में मदद मिलती है और जब्त मादक पदार्थों के गलत इस्तेमाल की आशंका खत्म होती है।

## पॉक्सो आरोपी ने कोतवाली के शौचालय में की खुदकुशी

**परिजनों ने पुलिस पर पिटाई से मौत का आरोप लगाया, मिलने नहीं देने का भी दावा**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पट्टी कोतवाली में किशोरी के अपहरण और पॉक्सो एक्ट के आरोपी 22 साल के अर्जुन ने सोमवार सुबह शौचालय में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस उसे मेडिकल कॉलेज ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। एएसपी पूर्वी आलोक कुमार और एसपी दीपक भूकर ने पट्टी कोतवाली पहुंचकर मामले की जानकारी ली और घटनास्थल का जायजा लिया।पट्टी कोतवाली इलाके के उड़ैयाडीह बाजार के पास एक गांव की 17 साल की लड़की 16 अगस्त की रात लापता हो गई थी। उसके पिता ने अगले दिन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने करीब तीन दिन पहले लड़की को ढूंढ निकाला। उसके बयान के आधार पर मोलनापुर निवासी लल्लूराम के बेटे शैलेश उर्फ अर्जुन का नाम सामने आया। परिवार के लोगों के मुताबिक, पुलिस अर्जुन को दो दिन पहले कोतवाली लाई थी। कंबल की रस्सी बनाकर फांसी लगा लीसोमवार सुबह करीब आठ बजे अर्जुन ने कोतवाली के शौचालय में कंबल की रस्सी बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस उसे मेडिकल कॉलेज ले गई। ईएमओ डॉ. आशुतोष सिंह ने गाड़ी में ही जांच के बाद उसे मृत बताया। इसके बाद शव को मुर्दाघर में रख दिया गया।पॉक्सो आरोपी ने कोतवाली में दी जान, परिवार ने पुलिस पर लगाया पिटाई का आरोप।

## पुलिस हिरासत में युवक की मौत, वकीलों का हंगामा

**प्रतापगढ़ में प्रेमिका के पिता, भाई और पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पट्टी कोतवाली इलाके में पुलिस हिरासत में एक युवक अर्जुन उर्फ शैलेश की मौत मामले में नया मोड़ आया है। मृतक के पिता लल्लूराम की शिकायत पर पट्टी कोतवाली में हत्या का केस दर्ज किया गया है।लल्लूराम ने अपनी शिकायत में प्रेमिका के पिता संतोष दुबे, उसके भाई अनीष दुबे और कुछ अज्ञात पुलिसकर्मियों पर हत्या का आरोप लगाया है। इस घटना के विरोध में पट्टी कोतवाली के कई अधिवक्ताओं ने थाने के गेट पर ताला लगा दिया। उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। लल्लूराम ने बताया कि उनके बेटे अर्जुन का गांव की एक लड़की से प्रेम संबंध था। लड़की के परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। उनके मुताबिक, लड़की के घर से जाने के बाद उसके परिजनों की शिकायत पर एक केस दर्ज हुआ था। बाद में लड़की के बयान के आधार पर इस मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी। पिता ने आरोप लगाया कि इसके बाद लड़की के पिता और भाई ने उनके बेटे को जातिसूचक शब्द कहे और धमकी दी। 16 सितंबर को लड़की फिर घर से चली गई। इसके बाद अर्जुन के खिलाफ दोबारा केस दर्ज कराया गया। लल्लूराम के अनुसार, पट्टी पुलिस उनके बेटे को दिल्ली से लेकर आई थी। इसके बाद अर्जुन पुलिस हिरासत में था।शिकायत में कहा गया है कि 21 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे गांव के प्रधान ने लल्लूराम को बताया कि उनके बेटे की पट्टी कोतवाली में मौत हो गई है। इसके बाद पिता ने पुलिस और लड़की के परिजनों की मिलीभगत से बेटे की हत्या की आशंका जताते हुए केस दर्ज कराया।इधर, मृतक के परिजनों से मिलने जा रहे समाजवादी पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों को पुलिस ने घर से कुछ दूरी पहले ही रोक दिया। पट्टी के सपा विधायक राम सिंह पटेल, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी समेत कई सपा पदाधिकारी मौजूद हैं। पुलिस द्वारा रोके जाने पर सपाइयों ने मामले में पुलिस पर लीपापोती करने का आरोप लगाया।

## संक्षेप

### पुलिस-बदमाशों की मुठभेड़ में 3 सदस्य गिरफ्तार

**एक को पैर में गोली लगी, सभी मेरठ के रहने वाले थे**

बागपत ,बालेनी थाना क्षेत्र में सोमवार और की देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है।इसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर जंगल से दो अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए तीनों बदमाश मेरठ के रहने वाले हैं। ये नलकूप उपकरण चोर गिरोह के अंतरराज्यीय सदस्य हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। ये बालेनी में भी चोरी करने की फिराक में थे। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सुरेंद्र, आशुतोष और सलमान उर्फ गंजा के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, नलकूप उपकरण, एक मोटरसाइकिल और एक रहड़ा (जिसमें कुछ सामान भरा था) बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार सुरेंद्र पर आसपास के जिलों में करीब 50 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आशुतोष पर भी अलग-अलग थानों में छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस सलमान के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।थाना प्रभारी एमपी सिंह ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ के बाद तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चोरी का सामान और अवैध हथियार मिले हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### घर में घुसकर परिवार से मारपीट

**पीड़ित ने एसपी से विवेचक बदलने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की**

बागपत ,बागपत के मलकपुर में एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है। उसने अपने घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट के मामले में निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक, 2 सितंबर 2026 की रात करीब 10 बजे कुछ लोग उसके घर में घुस गए थे। उन्होंने पीड़ित की बहू, परिवार की एक और महिला और पोते के साथ धारदार हथियार और लाठी-डंडों से मारपीट की। इस हमले में परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर चोटों के कारण एक महिला को बागपत के जिला अस्पताल से मेरठ रेफर किया गया। उसका इलाज अभी मेरठ में चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि इस घटना को लेकर 11 सितंबर को बड़ौत थाने में केस दर्ज कराया गया था। आरोप है कि केस दर्ज होने के बाद भी जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता और घायलों के बयान नहीं लिए हैं। साथ ही, नामजद आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार भी नहीं किया गया है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। वे उस पर और उसके परिवार पर समझौता करने का दबाव डाल रहे हैं। आरोपी रोजाना गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी भी देते हैं। वे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दे रहे हैं। शिकायत पत्र में पीड़ित ने जांच अधिकारी पर आरोपियों से मिलीभगत की आशंका जताई है। उसने जांच अधिकारी बदलने की मांग की है। पीड़ित ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच किसी दूसरे पुलिस अधिकारी से कराने की अपील की है।

# प्रशासन में एक बड़ा खुलासा करते हुए आधा दर्जन से अधिक चोरों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों दो घरों में हुई लाखों की चोरियों का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरजनपदीय शातिर चोरों के संगठित गिरोह के 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का लाखों का माल बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने इस सराहनीय कार्य के लिए टीम को 25,000 रुपये के इनाम से पुरस्कृत किया है।एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन में घटनाओं का खुलासा करते हुए बताया कि चार सितंबर को सदर कोतवाली क्षेत्र साईं विहार कालोनी निवासी रजनी मिश्रा के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी की थी। इसी प्रकार 16 सितम्बर को शेखपुर उनवा निवासी संतोष पटेल के यहां नगदी समेत जेवरात चोरी हुए थे। एसपी ने बताया कि CCTV में 22-25 वर्ष के तीन संदिग्ध दिखे। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए कोतवाली पुलिस, क्राइम डिटेक्शन टीम और सर्विलांस सेल टीम को लगाया था।पुलिस टीम ने मंगलवार को घटना में शामित शातिर चोरों विकास नागर सकरापुर गंगापुर कालोनी यशोदा नगर थाना सेन पश्चिम पारा कानपुर नगर, अनमोल सिंह मलिन बस्ती विजयनगर काकादेव कानपुर, जयशिव गुप्ता सैनिक नगर चकेरी कानपुर नगर , विकास निषाद उजियारी पुरवा नबाबगंज कानपुर नगर, राहुल गुप्ता ग्राम नौतन थाना नौतन सीवान बिहार, हाल पता सरकारी अस्पताल जनसेवा केंद्र के पास सैनिक नगर चकेरी कानपुर, मिथुन सिंह करबिगवां नरवल कानपुर, दीपक उर्फ अंशू पुत्र इन्द्रजीत सिंह - ग्राम जरौली थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया आरोपियों के पास से पीली धातु की चेन, 1 महाराजा हार, 2 अंगूठी, 3 कान के टॉप्स झुमकीदार, 1 जोड़ी झाला, 3 सुई-धागा, 5 छोटे-बड़े माला के गुरिया, 1 टूटी अंगूठी (3 टुकड़ों में), 1 चेन का कोड़ा, 1 टप्स व सफेद धातु की 10 बिछिया, 1 गणेश-लक्ष्मी का सिक्का, 1 ब्रेसलेट, 10 नगदार बिछिया, 08 एंड्रायड मोबाइल फोन व कुल 34,400/- रुपये नगद और घटना में प्रयुक्त कार, 03 पाइप रिंच, 1 प्लास, 1 कटर, 2 पेचकस व 2 सब्बल बरामद हुए हैं।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सभी आपस में मिलकर #संगठित रूप से चोरी करते हैं। चार पहिया वाहन से रिहायशी क्षेत्रों में बंद मकानों की रेकी कर मौका देखकर ताला-दरवाजा तोड़कर चोरी करते हैं। चोरी के जेवरात व नगदी को आपस में बराबर बांट लेते हैं और कुछ जेवरात राह चलते लोगों को औने-पौने दाम में बेच देते हैं।आरोपियों ने करीब दो सप्ताह पूर्व सांई विहार कालोनी व एक सप्ताह पूर्व शेखपुर उनवा में चोरी करना स्वीकार किया। इसके अलावा #मध्यप्रदेश में भी चोरी करना बताया।आरोपी विकास नागर ने बताया कि बरामद कार से वे चोरी के लिए आते-जाते व रेकी करते हैं। कार में रखे पाइप रिंच, प्लास, कटर, पेचकस व सब्बल से ताला तोड़ते हैं। कार पर लगा राजनीतिक दल का स्टीकर पुलिस से बचने के लिए लगाया गया था।

# मंडल स्तरीय योग प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदनापुर अव्वल

**योग शिक्षिका नीतू सिंह को दूसरी बार मिली प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर , जनपद में आयोजित मंडल स्तरीय योगासन प्रतियोगिता फतेहपुर में संपन्न हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्या डायट प्रवक्ता राकेश सचान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदनापुर विकासखंड भिठौरा कीयोग शिक्षिका नीतू सिंह द्वारा किया गया वहीं मिली जानकारी के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदनापुर विकासखंड शिक्षा क्षेत्र भिटौरा की बालिका वर्ग तथा बालक वर्ग ने कुशल नेतृत्व का अनुसरण करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया जहां बालिका वर्ग में फतेहपुर विजई रहा वहीं बालक वर्ग उपविजेता घोषित हुआ प्रतिनिधित्व करते हुए योग शिक्षिका नीतू सिंह ने बताया कि उन्हें लगातार दूसरी बार राज्य स्तर पर प्रयागराज मंडल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है जिसके लिए उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया चल रही प्रतियोगिता में जिला व्यायाम शिक्षक दिलीप सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा चौहान ब्लॉक व्यायाम शिक्षक एवं निर्णायक मंडल अभिषेक वर्मा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदनापुर की सहायक अध्यापिका नीतू सिंह के साथ टीम मैनेजर निधी दुबे आदि मौजूद रही

# पति ने चुन्नी से गला घोंटकर पत्नी को मार डाला

**मेरठ में हत्या कर खुद चौकी पहुंचा, बच्चों के नाम संपत्ति करने को लेकर विवाद हुआ था**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , पति ने चुन्नी से गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी खुद फतेहउल्लापुर चौकी पहुंचा और पुलिस को पत्नी की हत्या करने की जानकारी दी। दोनों के बीच संपत्ति बच्चों के नाम करने को लेकर करीब 3 महीने से विवाद चल रहा था। महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। शुरूआती जांच में संपत्ति को लेकर विवाद की बात सामने आई है। घटना लोहियानगर थाना क्षेत्र के फतेहउल्लापुर गांव में हुई। तीन बच्चों को माता-पिता के पास छोड़कर कमरे पर पहुंचा था महिला के भाई सोनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन शाहिस्ता (28) की करीब छह साल पहले परीक्षितगढ़ क्षेत्र के ऐंची खुर्द के रहने वाले चांद खां से शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों जाकिर कॉलोनी में किराये के मकान में रहने लगे थे।उनके चार बच्चे अली (5), शिफा (4), साढ़े तीन वर्षीय सुफियान और डेढ़ वर्षीय जियान हैं। कुछ समय पहले चांद को गांव में संपत्ति मिली थी। आरोप है कि वह नशे का आदी है। इसी वजह से शाहिस्ता पति से संपत्ति बच्चों के नाम करने की बात कह रही थी।इसे लेकर दोनों के बीच करीब तीन महीने से विवाद चल रहा था।सोमवार सुबह चांद तीन बच्चों को ई-रिक्शा से अपने माता-पिता के पास छोड़ आया।

इसके बाद दोपहर करीब 2:30 बजे वह कमरे पर पहुंचा। आरोप है कि वहां शाहिस्ता के साथ मारपीट करने के बाद चुन्नी से उसका गला घोंट दिया।

# सीवर लाइन के काम में अनियमितता का आरोप, रानी कॉलोनी में सड़क-नाली निर्माण की मांग

**खाली प्लॉटिंग क्षेत्रों में सरकारी धन से निर्माण की जांच कराने की उठाई मांग, जनसुनवाई शिकायत के फर्जी निस्तारण का भी आरोप**

अमन लेखनी समाचार

निर्मित द्विवेदी



फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश की फतेहपुर इकाई ने शहर में सीवर लाइन परियोजना के कार्यों में कथित अनियमितता, अविकसित प्लॉटिंग क्षेत्रों में सड़क व नाली निर्माण तथा रानी कॉलोनी में विकास कार्य रोके जाने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल ने विभिन्न समस्याओं की जांच कराकर जनहित में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि शहर में चल रहे सीवर लाइन निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी की जा रही है। छोटे आकार के पाइप बिछाने, खोदे गए गड्ढों की सही ढंग से भराई व कुटाई न करने तथा सीवर कार्य के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने कार्यस्थलों पर परियोजना की लागत, कार्यदायी संस्था, तकनीकी मानक और समयावधि से संबंधित सूचना बोर्ड नहीं लगाए जाने का भी मुद्दा उठाया।

### खाली प्लॉटिंग क्षेत्रों में निर्माण पर सवाल

व्यापार मंडल ने नगर पालिका परिषद फतेहपुर पर विकास बजट के आवंटन में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ अविकसित और खाली प्लॉटिंग क्षेत्रों में सड़क व नालियों का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि पुराने घनी आबादी वाले मोहल्लों में लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं। संगठन ने ऐसे निर्माण कार्यों की वित्तीय और तकनीकी जांच कराने की मांग की है।

### रानी कॉलोनी में 15 वर्षों से सड़क-नाली की समस्या

ज्ञापन के अनुसार, वार्ड संख्या 11 के नासिरपुर, रानी कॉलोनी, निकट गायत्री मंदिर क्षेत्र में श्री सुभाष चंद्र तिवारी के मकान से श्री बृजलाल के मकान तक लगभग 40 मीटर सड़क व नाली निर्माण का प्राकलन 2,04,175 रुपये तैयार किया गया था। संगठन के सदस्य कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा दर्ज जनसुनवाई शिकायत संख्या 40017225039490 के संबंध में व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि कार्य कराए बिना ही शिकायत को बजट की प्रतीक्षा का हवाला देकर कागजों में निस्तारित दिखा दिया गया।संगठन का कहना है कि क्षेत्र में करीब 15 वर्षों से सड़क और नाली निर्माण नहीं होने के कारण गंदा पानी घरों में भरने की समस्या बनी हुई है। इससे जलजनित और मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका जताते हुए तत्काल जलनिकासी, सैनिटाइजेशन और फागिंग कराने की मांग की गई।

### सीवर लाइन के नाम पर दोहरे रवैये का आरोप

व्यापार मंडल ने कहा कि रानी कॉलोनी में सीवर लाइन प्रस्तावित होने का हवाला देकर सड़क व नाली निर्माण रोका जा रहा है, जबकि शहर के अन्य वार्डों में सीवर कार्य के दौरान सड़क और नाली निर्माण जारी है। संगठन ने इस संबंध में स्पष्ट नीति अपनाने और प्रभावित क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्य शुरू कराने की मांग की।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने खाली प्लॉटिंग क्षेत्रों में कराए गए निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच, सीवर लाइन में प्रयुक्त पाइपों की तकनीकी जांच, गड्ढों की मानक के अनुरूप भराई, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और सभी कार्यस्थलों पर सूचना बोर्ड लगाने की मांग की। साथ ही रानी कॉलोनी में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सड़क व नाली निर्माण शुरू कराने तथा जनसुनवाई शिकायत के निस्तारण की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग रखी।ज्ञापन में प्रदेश के नगर विकास मंत्री और जिलाधिकारी फतेहपुर को प्रतिलिपि भेजने का उल्लेख किया गया है।इस मौके पर उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष मनोज साहू सहित श्रवण दीक्षित, प्रेमदत्त उमराव, जय किशन, संदीप श्रीवास्तव, सलामत अली, संजय सिंह, सौरभ गुप्ता, समीर मिश्रा, लवकुश गुप्ता, अनिल महाजन, इसराइल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शांति इंटरप्राइजेज कंपनी में लगी आग

**एक किमी दूर से दिखाई दिया धुएं का गुब्बार, दमकल की 8 गाड़ियों ने पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र के एफ-21 में दोपहर घास बनाने वाली कंपनी शांति इंटरप्राइजेज में आग लग गई। कुछ ही देर में आग फैल गई और कंपनी में रखा सारा सामान इसकी चपेट में आ गया। आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख होने का अंदेशा है। घटना के बाद आसपास की फैक्ट्रियों में भी हड़कंप मच गया। जिसके बाद आसपास के लोग वीडियो बनाते रहे। धुएं का गुब्बार एक किमी दूर तक देखा गया।

### दमकल की 8 गाड़ियां पहुंची

शांति एंटरप्राइजेज कंपनी के मालिक वीरेंद्र गुप्ता हैं। आग लगने की सूचना पर कोतवाली फायर स्टेशन से दमकल की 5 फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। जहां फायर सर्विस यूनिट्स ने देखा कि आग लगभग 500 वर्ग मीटर के भूखंड पर फैली है। भूतल पर अस्थाई टीन शेड से निर्मित भवन में कूलर के कूलिंग पैड बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगी हुई है। जिसके बाद सीएफओ सुबोध कुमार ने वैशाली व साहिबाबाद से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर बुलाईं।जहां अलग अलग हौज लाइन फैलाकर पानी डालकर बुझाई। करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में दकल की 8 गाड़ियां लगीं।

### धुआं उठते ही फैली आग

आसपास के लोगों ने बताया कि दोपहर में कंपनी से अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते धुआं तेजी से फैला और कंपनी के अंदर आग की लपटें दिखने लगीं। इसके बाद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।खबर मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया।बताया जा रहा है कि कंपनी के पीछे वेल्डिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान निकली चिंगारी से आग लगने की संभावना है। हालांकि, आग लगने की असली वजह अभी साफ नहीं है। फायर ब्रिगेड की जांच के बाद ही आग लगने का कारण पता चलेगा।

### सारा सामान जलकर राख हुआ

आग तेजी से फैली, जिससे कंपनी में रखा बहुत सारा सामान जल गया। दमकल कर्मियों ने आसपास के हिस्सों को भी सुरक्षित रखने की कोशिश की, ताकि आग दूसरी फैक्ट्रियों तक न फैले। करीब तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई झुलसा या घायल नहीं हुआ है। आग पूरी तरह बुझने और कंपनी की जांच के बाद ही नुकसान का सही अनुमान लग पाएगा।

# सेंट्रल मार्केट में 16हजार से अधिक भवनों पर चलेगा बुलडोजर

**मेरठ में अवैध संपत्तियों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा आवास विकास के साथ अब मेडा भी एक्शन ले**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,सेंट्रल मार्केट ध्वस्तीकरण मामले में व्यापारियों की आखिरी उम्मीद भी टूट गई है। सुप्रीम कोर्ट में शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट मामले की सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और के. विश्वनाथन की पीठ ने मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) के जोन ए में चिन्हित 16,726 अवैध इमारतों को सील करने का आदेश दिया। इन इमारतों में व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं। कोर्ट ने जोन बी, सी और डी में भी इस तरह की संपत्तियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर आदेश कर दिया है कि आवासीय भूखंड का अस्तेमाल अगर कामर्शियल में किया जा रहा है तो वह अवैध है और जल्द से जल्द उसको बंद कराया जाना है।ऐसे में अभी तक जो मामला सिर्फ आवास विकास और शास्त्रीनगर क्षेत्र तक था वह अब मेडा में भी आ गया है। आवास एवं विकास परिषद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन पहवा ने पक्ष रखा। प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्ग के 486 आवासों के लिए पुनर्वास नीति लाई जा रही है। परिषद की ओर से 14 जुलाई को दिए गए आदेश की अनुपालन रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत की गई अब जोनवार पूरा इलाका समझिएकोर्ट ने जोन ए, बी, सी और डी के अवैध अतिक्रमण चिन्हित करने के आदेश दिया है। जोन ए के 16726 अवैध निर्माण होंगे सील। सिर्फ सेंट्रल मार्किट नही अब विकास प्रधिकरण का जोन ए में चलेगा बुलडोजर। जानिए जोन ए में क्या आता है। समझिए...हापुड़ रोड बिजली बंबा बाईपास पुलिस चौंकी से शुरू होगा जोन ए। वहां से मेरठ शहर की तरफ चलते हुए बाइ तरफ का हिस्सा आएगा। यानी हापुड़ रोड की बाई साइड के जाकिर कालोनी, के हापुड़ अड्डा तक, वहां से. शाहपीर गेट, बच्चा पार्क, एम प्राकश नर्सिमग होम वाली साइड होकर बेगमपुल से जगत सिनेमा हाल के साने से सोतीगंज साइड दिल्ली रोड, बसल सिनेमा, रोडवेज साइड, जली कोठी, केसरगंज, फुटबाल चौक, मेवला फाटक, उससे आगे माधमपुरम वाले मंदिर के सामने से यानी लगभग पूरा पुराना शहर। उल्देपुर की अवैध कॉलोनियों पर भी सवालउल्देपुर में अवैध कॉलोनियां विकसित किए जाने के मामले में कोर्ट ने प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद से सवाल किया कि ये कॉलोनियां कैसे अस्तित्व में आईं।

# थार ने स्कूटी सवार दंपती को रौंदा

**पति की मौत, पत्नी घायल; ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शाम तेज रफ्तार थार ने स्कूटी सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसा बिसरख थाना क्षेत्र के इटैड़ा इलाके में हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार नीरज (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी पत्नी भी हादसे में घायल हुई हैं और उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद थार का ड्राइवर गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने थार को कब्जे में लेकर आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। इटैड़ा के पास स्कूटी में मारी टक्करपुलिस के मुताबिक, चिपियाना निवासी नीरज सोमवार शाम पत्नी के साथ स्कूटी से जा रहे थे। इटैड़ा के पास तेज रफ्तार थार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर दूर जा गिरे। हादसा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल भेजा गया।इलाज के दौरान नीरज की मौतअस्पताल में डॉक्टरों ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी का इलाज जारी है। पुलिस ने नीरज के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बाइक सवारों ने महिला से आईफोन छीना

**3 दिन पहले ही खरीदा था, बदमाशों ने पूछा- नया आईफोन है क्या?**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवती से उसका नया आईफोन 18 प्रो छीन लिया। युवती ई-रिक्शा में बैठी थी। बदमाशों ने पहले युवती से पूछा कि क्या यह नया आईफोन है। युवती के हां कहते ही बदमाश उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए। युवती ने यह आईफोन 18 प्रो सिर्फ तीन दिन पहले ही खरीदा था। यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र में एक मूर्ति गोलचक्कर के पास हुई। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सेंचुरियन पार्क सोसाइटी में रहने वाली शुभी भंडारी सोमवार सुबह ऑफिस जा रही थीं। वह ई-रिक्शा में सवार थीं। एक मूर्ति गोलचक्कर के पास उन्हें ई-रिक्शा का ऑनलाइन पेमेंट करना था। इसी दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन निकाला। पीड़िता शुभी भंडारी के मुताबिक, तभी पीछे से बाइक सवार दो युवक उनके पास आए। दोनों ने हेलमेट पहना हुआ था। युवकों ने पहले उनसे पता पूछा। फिर मोबाइल की ओर देखते हुए सवाल किया कि क्या यह नया आईफोन है। शुभी के हां कहते ही बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और बाइक से भाग गए। पीड़िता के पति साकेत गुप्ता ने बताया कि उनकी पत्नी ने आईफोन 18 प्रो सिर्फ तीन दिन पहले खरीदा था। इस घटना के बाद परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि सुबह के समय प्रमुख सड़कों पर पुलिस कम दिखती है। इससे ऐसी घटनाओं को लेकर लोगों की चिंता बढ़ रही है। बिसरख थाना प्रभारी रणजीत सिंह के अनुसार, पीड़िता के पिता ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है।

# झूठे केस में फंसाने की धमकी पर हुई थी हत्या

**6 घंटे की रिमांड पर आरोपी ने किया खुलासा, सिगरेट पीने से मना करने पर हाथापाई**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,नोएडा के बरौला गांव के 8 अगस्त की रात हुई असम की युवती महक अहमद की हत्या में नया मोड़ सामने आया है। छह घंटे की पुलिस रिमांड पर लिए गए आरोपी रमन राज ने दावा किया कि महक उसे रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही थी। इसी दौरान दोनों के बीच हाथापाई हुई। महक ने रसोई से चाकू उठा लिया। रमन ने उससे चाकू छीन लिया और उसी से 8 से 10 वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपी के बताए घटनाक्रम की जांच की जा रही है। 20 जुलाई को सहेली के साथ नोएडा आई थी महक पुलिस के मुताबिक, असम के डिब्रूगढ़ की रहने वाली महक अहमद घर से बिना बताए अपनी सहेली संजना के साथ 20 जुलाई को नोएडा आई थी। दोनों नौकरी की तलाश में थीं और बरौला गांव के एक में रह रही थीं। पड़ोस के कमरे में रहने वाले इंजीनियर रमन राज से महक की जान-पहचान हुई थी। आरोप है कि 8 अगस्त की रात रमन ने अपने कमरे में महक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी और फरार हो गया। ढॠ संचालक सार्थक बंसल ने सेक्टर-49 थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

### बिहार में शराब तस्करी का नाटक कर दी थी गिरफ्तारी

हत्या के बाद पुलिस रमन की तलाश कर रही थी। इसी बीच उसने 12 अगस्त को अपने गृह जनपद बिहार के कटिहार की नगर कोतवाली क्षेत्र में शराब तस्करी का नाटक करते हुए गिरफ्तारी दे दी थी।इसके बाद नोएडा पुलिस उसे बी-वारंट पर गौतमबुद्धनगर लाने में जुटी थी।

# औद्योगिक विकास के बीच कोन में एयरपोर्ट की मांग ने पकड़ा जोर

**सोन नदी किनारे तेजी से बढ़ रही औद्योगिक गतिविधियों का दिया हवाला, डीएम को ज्ञापन सौंपने का निर्णय**

**अमन लेखनी समाचार**



कोन (सोनभद्र)। क्षेत्र में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों के बीच कोन में एयरपोर्ट की स्थापना की मांग जोर पकड़ने लगी है। सोमवार को नवयुवक संघर्ष मोर्चा कोन की ओर से चाचीकोन स्थित सोन नदी पुल के किनारे बैठक आयोजित कर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल यादव ने की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सोन नदी के किनारे क्षेत्र में करीब आठ से दस फैक्ट्रियों का निर्माण चल रहा है। आने वाले समय में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के साथ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों और अन्य लोगों का आवागमन भी बढ़ेगा। ऐसे में कोन क्षेत्र में एयरपोर्ट की सुविधा उपलब्ध होने से आवागमन सुगम होगा और औद्योगिक विकास को भी गति मिल सकती है। वक्ताओं ने कहा कि एयरपोर्ट बनने से कोन क्षेत्र को दिल्ली समेत देश के अन्य प्रमुख शहरों से हवाई संपर्क से जोड़ने की संभावनाएं बढ़ेंगी। साथ ही स्थानीय लोगों को हवाई यात्रा के लिए दूर-दराज के एयरपोर्ट पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार, व्यापार और निवेश की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एयरपोर्ट की मांग को लेकर जल्द ही जिलाधिकारी चर्चित गौड़ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मांग करेगा कि कोन क्षेत्र में एयरपोर्ट की स्थापना के प्रस्ताव को शासन और संबंधित मंत्रालय तक पहुंचाने के लिए आवश्यक पहल की जाए। इसके अलावा संगठन के विस्तार पर भी चर्चा हुई। आगामी बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत करने और एयरपोर्ट की मांग को लेकर आगे की रणनीति तय करने का निर्णय लिया गया।

# सर्वब्राह्मण विकास परिषद के पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

**एड. सुशील पाठक को बनाया गया गरौठा नगर अध्यक्ष**

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा ।सर्वब्राह्मण विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं० कमल किशोर अवस्थी एडवोकेट ने सर्वब्राह्मण विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी एवं राष्ट्रीय मन्त्री एवं प्रभारी बुन्देलखण्ड पं० राहुल रिछारिया एवं सर्व ब्राह्मण विकास परिषद महिला समिति कानपुर प्रान्त की उपाध्यक्ष शिप्रा मिश्रा एडवोकेट एवं सर्वब्राह्मण विकास परिषद झांसी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पं० अजय रावत एवं सर्व ब्राह्मण विकास परिषद झांसी जिला अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा एडवोकेट एवं सर्व ब्राह्मण विकास परिषद जिला झांसी के उपाध्यक्ष श्री रमेश पटैरिया एडवोकेट की अनुशंसा पर सर्व ब्राह्मण विकास परिषद गरौठा नगर जिला झांसी जिले का सुशील कुमार पाठक एडवोकेट को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। पदाधिकारियों का मनोनयन 31 दिसंबर 2027 तक किया गया है। सभी पदाधिकारियों का मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष पं० कमल किशोर अवस्थी एडवोकेट के द्वारा किया जायेगा। वही मोहित कुमार मिश्रा को ब्लॉक अध्यक्ष बामौर, प्रदीप तिवारी को नगर उपाध्यक्ष गरौठा, आयुष त्रिपाठी को ब्लॉक उपाध्यक्ष गुरसरांय, दीपक पाठक को ब्लॉक उपाध्यक्ष गुरसरांय, दीपक पाठक को ब्लॉक उपाध्यक्ष गुरसरांय, अभिनव द्विवेदी को नगर उपाध्यक्ष गरौठा के पद पर मनोनीत किया गया। उक्त जानकारी जगजीवन (जे.जे.) मिश्रा एडवोकेट क्षेत्रीय महामंत्री अधिवक्ता समिति झांसी क्षेत्र (झांसी, ललितपुर, जालौन) सर्व ब्राह्मण विकास परिषद रजि. द्वारा दी गई।

# पंचमुखी महादेव मंदिर में गूंजी स्वच्छता की अलख, जिलाधिकारी ने स्वयं श्रमदान कर दिया जनभागीदारी का संदेश

**1000 किलो प्लास्टिक एकत्र, 2,500 मंदिर को समर्पित; स्वच्छता अभियान में उमड़ी जनभागीदारी।**

**स्वच्छता ही सेवा से सेवा संकल्प तक—पंचमुखी महादेव मंदिर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने की पहल।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने विकास खंड राबर्ट्सगंज स्थित प्राचीन पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर में पहुंचकर विशेष स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। जिलाधिकारी ने स्वयं श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए जनभागीदारी का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के दौरान जिलाधिकारी ने लगभग 45 मिनट तक स्वयं श्रमदान किया। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीमती नमिता शरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने भी श्रमदान कर अभियान में सहभागिता की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक स्वच्छता अभियान में भाग लिया। अभियान के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र से लगभग 1000 किलोग्राम प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित किया गया। एकत्रित प्लास्टिक को मौके पर ही कबाड़ी को विक्रय किया गया, जिससे 2,500 की धनराशि प्राप्त हुई। जिलाधिकारी की पहल पर प्राप्त धनराशि को मंदिर के रख-रखाव एवं व्यवस्थाओं के लिए मंदिर में ही दान कर दिया गया। स्वच्छता व्यवस्था को स्थायी रूप से बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर में दो डस्टबिन भी स्थापित कराए गए, ताकि श्रद्धालुओं एवं आमजन द्वारा कूड़े का उचित निस्तारण किया जा सके और मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में निरंतर सहयोग मिल सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करें, कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें तथा अपने आसपास के सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय योगदान दें उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देना है।

**खास समाचार**

## बाबा बनखंडीनाथ मंदिर का 1.20 करोड़ से होगा कायाकल्प

शाहाबाद, हरदोई। नगर के मोहल्ला अल्हापुर स्थित ऐतिहासिक बाबा बनखंडीनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 1.20 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी के प्रयासों से मिली है। स्वीकृत धनराशि से मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों के लिए आधुनिक हॉल, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल क्यूआर कोड युक्त साइनबोर्ड, शुद्ध पेयजल और आधुनिक शौचालय ब्लॉक का निर्माण कराया जाएगा। श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंच लगाने के साथ परिसर में लैंडस्केपिंग और सौंदर्यीकरण के कार्य भी कराए जाएंगे। विकास कार्य पूरे होने के बाद मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ ही शाहाबाद में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## चेन लूट और बाइक चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

हरदोई। कोतवाली शहर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने चेन लूट और बाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से सोने की चेन के दो टुकड़े, 33 हजार रुपये नकद और चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को रेलवेगंज निवासी रीता गुप्ता सुबह करीब छह बजे टहलने निकली थीं। मंगली पुरवा फाटक के पास बाइक सवार दो बदमाश उनके गले से चेन झपटकर फरार हो गए थे। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान 31 अगस्त को लक्ष्मीपुरवा में हुई चेन चोरी और 22 जुलाई को कछौना की लेबर कॉलोनी से चोरी हुई बाइक का मामला भी सामने आया। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विमलेंदु निवासी रामनगरिया और आशीष तिवारी निवासी सुभाषनगर, कोतवाली शहर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## स्कूल में आग के बाद शिक्षिका की तबीयत बिगड़ी, दो जांच समितियां गठित

संडीला (हरदोई)। विकासखंड संडीला के टिमरुख गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को गैस पाइप में लीकेज के कारण आग लगने से दो रसोइया झुलस गईं। घटना के बाद विद्यालय की शिक्षिका की तबीयत बिगड़ने और अधिकारी पर मानसिक दबाव बनाने के आरोप सामने आए हैं। मामले की जांच के लिए दो समितियां गठित की गई हैं। बताया गया कि सोमवार सुबह विद्यालय में खाना बनाते समय गैस भट्ठी और पाइप में लीकेज के कारण आग भड़क गई। हादसे में रसोइया अंजनी देवी और कमला देवी झुलस गईं। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। रसोइयों ने शिकायत में आरोप लगाया कि गैस भट्ठी और पाइप कई दिनों से खराब थे और इसकी जानकारी दिए जाने के बावजूद मरम्मत नहीं कराई गई। वहीं शिक्षिका शाहीन बानो की बेटी साइमा ने खंड शिक्षा अधिकारी पर फोन पर डांटने और दबाव बनाने का आरोप लगाया है। परिवार के अनुसार इसके बाद शाहीन की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि वह शिक्षिका की बीमारी से परिचित हैं और उन्होंने अभद्रता नहीं की। वह रसोइयों के झुलसने की शिकायत की जांच के लिए विद्यालय गए थे। बीएसए प्रभात मिश्रा ने बताया कि दोनों मामलों की जांच के लिए दो समितियां गठित की गई हैं। समितियां तीन दिन में रिपोर्ट देंगी।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत शिवद्वार, घोरावल व शाहगंज में गूंजा सेवा और विकास का संदेश

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के सेवाकाल की उपलब्धियों पर आधारित नुक्कड़ नाटक ने लोगों को किया जागरूक।**

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जन तक पहुंची प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों की सेवा, विकास और जनकल्याण की यात्रा।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की सेवा यात्रा एवं इस दौरान किए गए अभूतपूर्व कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन घोरावल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर किया गया। शिवद्वार, घोरावल एवं शाहगंज में आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के सेवाकाल में देश के विकास, जनकल्याण, गरीबों के उत्थान, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के अवसरों तथा विभिन्न क्षेत्रों में हुए परिवर्तन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कलाकारों ने संवाद, अभिनय एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लंबे सेवाकाल की प्रमुख उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी कार्यों की रूपरेखा लोगों के समक्ष रखी।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 सितंबर तक

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। सहायक निदेशक मत्स्य शुभम कश्यप ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत उपलब्ध अवशेष लक्ष्य के सापेक्ष पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ देने के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पुनः खोल दिया गया है। इच्छुक लाभार्थी 20 सितंबर से 27 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत जलाशयों में 65,000 मत्स्य अंगुलिका संचय, महिला वर्ग के लिए 241 यूनिट तथा प्रदेश के समस्त जनपदों में पारंपरिक मछुआरा परिवारों के लिए 500 यूनिट आजीविका एवं पोषण संबंधी सहायता परियोजनाओं का प्रावधान है। योजनाओं से संबंधित परियोजना विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया एवं आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक अभिलेखों की जानकारी विभागीय पोर्टलँ उपलब्ध है। सहायक निदेशक मत्स्य ने जनपद के मत्स्य पालकों, मत्स्य कृषकों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों एवं इच्छुक पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि 27 सितंबर 2026 तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन अवश्य प्रस्तुत करें।

# प्रभारी मंत्री/मा0 मंत्री औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग उ0प्र0 ने अष्टभुजा गेस्ट हाउस में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता

**सेवा संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारियों पर भी की गई चर्चा**

**अधिकारियों के साथ बैठक कर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने पर दिया बल**

**सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय ही जन कल्याण का सबसे बड़ा मंत्र – नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी**

**अमन लेखनी समाचार**



मीरजापुर - प्रदेश के मा0 मंत्री औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग उ0प्र0 एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने अष्टभुजा निरीक्षण गृह के सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मा0 विधायकगण व पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जन हित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं/विषयों पर चर्चा की। बैठक में मा0 नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा जी, मा0 मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल जी, मा0 विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या जी, मा0 विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल जी, भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज जी, नगर पालिका अध्यक्ष मीरजापुर श्याम सुंदर केशरी जी, भाजपा जिला महामंत्री रवि पांडे जी, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने बैठक में सभी मा0 जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय जन कल्याण का सबसे बड़ा मंत्र है। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 सरकार का लक्ष्य है कि केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों को समर्पित सेवा संकल्प अभियान को जनपद में व्यापक जन भागीदारी और उत्साह के साथ आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने 25 वर्षों तक निस्वार्थ सेवा की है जो देश के लिए गौरव की बात है। मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी अभियान न बनकर बल्कि जन उत्सव के रूप में मनाया जाए। 17 सितम्बर 2026 से प्रारम्भ होकर 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस अभियान को प्रत्येक विकास खण्ड, ग्राम पंचायत, नगर वार्ड आदि में उत्सव के रूप में आयोजित कर गांव-गांव में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए युवाओं को सेवा कार्यों से जोड़ने का कार्य किया जाए। मा0 मंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि आपस में बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करें यदि कहीं किसी स्तर पर समस्याएं आ रही हैं तो उसे उच्च स्तर पर समय से अवगत कराया जाए ताकि त्वरित समाधान कराया जा सके। सेवा संकल्प अभियान को जनपद में व्यापक जन भागीदारी और उत्साह के साथ आयोजित करने की आगे की तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

# करमा ब्लॉक में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में साक्षी चौहान ने लाया प्रथम स्थान

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। करमा ब्लॉक में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।इस प्रतियोगिता में करमा ब्लॉक के विद्यालयों के कक्षा- 5 से कक्षा-8 के प्रतिभाशाली बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर पहले आयोजित की गयी।प्रत्येक विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रो को ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया गया। चित्रकला प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, विधायक, घोरावल विधानसभा व सेवा संकल्प अभियान के नोडल डॉ0 प्रसन्न पटेल उपस्थित रहे।विधायक जी ने बच्चों के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का अवलोकन किया तथा उनसे प्रतियोगिता के थीम के संबंध में बातचीत किया.इस चित्रकला प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय बट की साची चौहान ने प्रथम स्थान, उच्च प्राथमिक विद्यालय बैडाड़ के आकाश ने द्वितीय स्थान, कम्पोजिट विद्यालय सरौली के आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि चौथे स्थान पर कम्पोजिट विद्यालय भटौलिया के अखिलेश कुमार तथा पाँचवें स्थान पर कम्पोजिट विद्यालय बघोर की नीतू रही।सभी बच्चों के द्वारा प्रतियोगिता में किये प्रयास की सराहना करते हुए विधायक डा. अनिल मौर्य व विशिष्ट अतिथियो ने बच्चों को पुरस्कृत करके सम्मानित किया।

# जनसुनवाई में दिव्यांगजनों के जीवन को मिली गतिशीलता की नई सौगात

**सीएसआर फंड से जिलाधिकारी ने दो दिव्यांगजनों को प्रदान की मोटराइज्ड ट्राई साइकिल।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जनसुनवाई में आज संवेदनशीलता और मानवीय सरोकार की एक सुंदर तस्वीर देखने को मिली। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनसुनवाई में आए जरूरतमंद दिव्यांगजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आवागमन में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड के माध्यम से मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम तिरनाही, बिच्छी, रॉबर्ट्सगंज निवासी श्री दीपक पुत्र राजू एवं ग्राम मारकुंडी, रॉबर्ट्सगंज निवासी श्री शशि पुत्र नान्हू, जो दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की।

मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्राप्त करते ही दोनों लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष की झलक दिखाई दी। यह सुविधा उनके लिए केवल आवागमन का साधन ही नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवन को अधिक सहजता और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ाने का माध्यम भी बनेगी। लाभार्थियों ने इस सहयोग के लिए जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि दिव्यांगजनों को सम्मान, सुविधा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। सीएसआर फंड के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिव्यांगजनों की गतिशीलता को बढ़ाने और उन्हें अपने कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भरता कम करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतों को सुनना नहीं, बल्कि जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना भी है। जिला प्रशासन द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं एवं उपलब्ध संसाधनों से लाभान्वित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम कैथी निवासी अनन्या पांडेय पुत्री महेश देव पांडेय, जो रघुकुल अकादमी, चतरा की छात्रा हैं, को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने साइकिल प्रदान की। साइकिल मिलने पर छात्रा के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। जिलाधिकारी ने छात्रा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए नियमित रूप से विद्यालय जाने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले दिव्यांगजनों एवं अन्य पात्र जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुसार शासन की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सुविधाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचे और आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया जा सके।

# एनसीएल ने सेवा कुटीर सीएसआर पहल का किया विस्तार

**16 नए केंद्रों से अब 3,000 से अधिक स्थानीय बच्चे होंगे लाभान्वित**

**अमन लेखनी समाचार**



सिंगरौली । जिले मे स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) अपनी सीएसआर पहल सेवा कुटीर के माध्यम से सिंगरौली के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, पोषण और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में सोमवार को एनसीएल ने परिवार एजुकेशन सोसाइटी के साथ नए सेवा कुटीर केंद्रों की स्थापना के लिए एमओयू किया। एमओयू पर एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) राजीव रंजन और परिवार एजुकेशन सोसाइटी की ओर से सीईओ सिद्धार्थ परमार ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत एनसीएल एवं परिवार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा सिंगरौली क्षेत्र के गांवों में 16 नए सेवा कुटीर केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के 3,000 से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे। सेवा कुटीर केंद्रों के माध्यम से 3 से 14 वर्ष की आयु के स्थानीय बच्चों को प्रतिदिन दो बार पूरक शिक्षा एवं पोषण उपलब्ध कराया जाता है। केंद्रों में नियमित पढ़ाई के साथ बच्चों को खेल-कूद, योग, चित्रकला, कहानी, हस्तशिल्प, नैतिक शिक्षा एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाता है। सेवा कुटीर केंद्रों में बच्चों की व्यक्तिगत सीखने की क्षमता के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जाती है। प्रत्येक बच्चे का आधारभूत मूल्यांकन कर उसके सीखने के स्तर एवं गति के अनुसार शैक्षणिक सहयोग दिया जाता है। इससे बच्चों को अपनी क्षमता और समझ के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। एनसीएल की इस सीएसआर पहल का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय एवं कन्या शिक्षा परिसर जैसे सरकारी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए तैयार करना भी है।

# राम-जानकी ने किया जलविहार, धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा



**अमन लेखनी समाचार**

कचीर। भाद्रपद शुक्ल द्वादशी के पावन अवसर पर मंगलवार को ग्राम कचीर में पारंपरिक जलविहार महोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री बजरंग बाबा मंदिर में विराजमान भगवान राम-जानकी जी को आकर्षक ढंग से सजाकर विमान में विराजमान कराया गया। इसके बाद डीजे गाजे-बाजे के साथ भगवान की भव्य शोभायात्रा गांव में निकाली गई। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से होकर गुजरी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान राम-जानकी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा भ्रमण के बाद वापस मंदिर पहुंची। बुधवार तड़के भगवान राम-जानकी को पवित्र धसान नदी में ले जाकर पारंपरिक रूप से जलविहार कराया जाएगा। इस दौरान मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## दुपहिया 2 का ट्रेलर जारी, सामाजिक मुश्किलों का कराता है सामना

नई दिल्ली। वेब सीरीज 'दुपहिया सीजन 2' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'धड़कपुर' गांव की आम सी परेशानियों को ट्रेलर में दिखाया गया है। ट्रेलर में दिग्गज और नई कास्ट साथ में अभिनय करती नजर आएगी। दुपहिया सीजन 2 का ट्रेलर आपको मनोरंजन के साथ कई सामाजिक मुश्किलों का सामना कराता है। यह ट्रेलर अंजान मोड़ों और उथल-पुथल से भरी कहानी की एक झलक पेश करता है, जो इस बार भी यहां के लोगों का पीछा छोड़ने वाली नहीं हैं। पिछले सीजन की तरह इस बार फिर बनवारी का परिवार किसी बड़ी मुसीबत में फंसने वाला है। दुपहिया सीजन 2 की कहानी में धड़कपुर गांव में बनवारी के बंजर जमीन में टॉवर लगाना है।

लाइफ Style


# जेनिफर

## विलियम संग की दूसरी बार शादी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल ने यूके में एक प्राइवेट क्रिश्चियन वेडिंग के कुछ हफ्ते बाद गोवा में फिर से शादी की। साथ ही इस खास दिन का जश्न अपने करीबी दोस्तों के साथ मनाया।

जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल ने यूके के बाद गोवा में क्रिश्चियन वेडिंग की है, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फैंस को कपल के सेलिब्रेशन की कुछ खास झलक भी देखने को मिली, जो गोवा की थी। इस कपल ने जुलाई में यूके में एक छोटी सी सेरेमनी में शादी की थी और अपने दोस्तों को एक रंगीन सेलिब्रेशन का हिस्सा बना लिया, जिसमें टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री के कई जाने-पहचाने चेहरे शामिल थे। इस गैदरिंग के वीडियो और फोटो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर, करण वाही, रितेश देशमुख, जेनेलिया देशमुख, मंदिरा बेदी, शब्बीर अहलूवालिया और दूसरों के साथ सेलिब्रेशन का मजा लेते नजर आ रही है। जेनिफर विंगेट ने अपने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की गोवा वेडिंग की, जो झलक शेयर की है। उसमें वह जेनिफर और विलियम एक-दूसरे पर जमकर प्यार लुटाते दिख रहे हैं। यह पार्टी यूके में जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल की वेडिंग के दो महीने बाद हुई। मंदिरा बेदी ने गोवा में सेलिब्रेशन करवाया, जबकि हरलीन सेठी ने जश्न के दौरान गुलदस्ता पकड़ा। गोवा सेलिब्रेशन की तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर और विलियम अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करते दिख रहे हैं।




हॉलीवुड मसाला




## परिवार और दोस्तों ने छोड़ दिया अकेला

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन हालिया फिलाडेल्फिया कॉन्सर्ट में फफक कर कई बार स्टेज पर ही रो पड़े। उन्होंने वहा पहुंचे 50 हजार फैंस से कहा कि ये दुनिया बहुत डरावनी जगह है। पिछले एक हफ्ते में उन्हें पता चला है कि असली रिश्ते क्या होते हैं। सिंगर ने कहा- परिवार और दोस्तों ने मुझे अकेला छोड़ दिया। परफॉर्मेंस के बीच में टेलीप्रॉम्प्टर से बयान पढ़ते हुए सिंगर को भावुक देख जहा फैंस की आंखें भी नम हो गई, वहीं उन्होंने खुलासा किया कि उनके परिवार और दोस्तों ने भी उनका साथ छोड़ दिया है।




## 15 की उम्र में शुरू किया था मॉडलिंग कॅरियर

लॉस एंजिल्स। सुपरमॉडल सिंडी क्रॉफर्ड और बिजनेसमैन रैंडे गेरबर के बेटे प्रेस्ली गेरबर नहीं रहे। महज, 27 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। प्रेस्ली गेरबर का जन्म साल 1999 में कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में हुआ था। 15 साल की उम्र में आईएमजी मॉडल्स के साथ साइन करने के बाद उन्होंने टीनएजर के तौर पर अपना मॉडलिंग कॅरियर शुरू किया। प्रेस्ली ने लॉस एंजिल्स में मोस्किनो शो से अपना रनवे डेब्यू किया था। इसके बाद मिलान में डोल्से एंड गब्बाना जैसे शो में भी हिस्सा लिया। उन्होंने केल्विन क्लाइन के एक कैंपेन में भी काम किया। अपनी छोटी बहन काइया के साथ काम करने वाले गेरबर ने हाल के वर्षों में मेंटल हेल्थ, अवसाद और नशीले पदार्थों की लत से जुड़ी अपनी मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की थी।



## 'ये प्रेम मोल लिया' का टाइटल ट्रैक रिलीज

मुंबई। पारिवारिक फिल्में बनाने के लिए मशहूर सूरज बड़जात्या नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उनकी आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' है। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सूरज की फिल्मों में परिवार, परंपरा और इमोशंस होते हैं। नई फिल्म में भी दर्शक ऐसी उम्मीद कर सकते हैं। फिलहाल इसका टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है और इसने महफिल लूट ली है। 'ये प्रेम मोल लिया' के टाइटल ट्रैक में भव्य शादी दिखाई गई है। शादी की रस्मों और परिवार के प्यार ने इसमें चार चांद लगा दिए हैं। दूसरी, तरफ इसमें रीति-रिवाजों की भी वाइब है। गाने में त्योहार के पलों की झलक दिखाई गई है। शरवरी और आयुष्मान खुराना को छठ पर्व मनाते दिखाया गया है।



## द मॉन्स्टर माइंड्स से होगा डेब्यू...

नई दिल्ली। बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले आदित्य सिंह सुदर्शन अब फिल्मी दुनिया में अपनी नई पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। आध्यात्मिक और सामाजिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले आदित्य फिल्म 'द मॉन्स्टर माइंड्स' से बतौर लीड हीरो एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। उनके दादा आचार्य सुदर्शन जी महाराज हैं। वहीं, आदित्य के पिता पूर्व राज्यमंत्री अमिताभ गुंजन चुन्नू हैं। आदित्य एक्टिंग की दुनिया में अपनी पहली पारी शुरू करने जा रहे हैं। फिल्म 'द मॉन्स्टर माइंड्स' मोशन पल्स के बैनर तले बनी है। यह साइकोलॉजिकल सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इसमें दर्शकों को रहस्य, रोमांच, एक्शन और कई ऐसे विजुअल्स देखने को मिलेंगे, जो कहानी को और खास बनाने वाले हैं। आदित्य की पहचान सिर्फ उनके परिवार की वजह से नहीं है।

टीवी मसाला



## खतरों के खिलाड़ी 15 के सेमी फिनाले की डेट का ऐलान

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' के सेमी फाइनल की तारीख का ऐलान कर दिया है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' का सेमी फिनाले अगले हफ्ते 26 और 27 सितंबर होगा। सेमी फाइनल सभी आठ कंटेस्टेंट के लिए एक अहम पड़ाव होगा, क्योंकि मुकाबले में सिर्फ पांच कंटेस्टेंट ही आगे बढ़ पाएंगे। आने वाले चैलेंज में उनकी हिम्मत, ताकत, सहनशक्ति और दबाव में शांत रहने की क्षमता की परीक्षा होगी। टॉप 5 में जगह बनाने के बाद फाइनलिस्ट ग्रैंड फिनाले में ट्रॉफी के लिए मुकाबला करेंगे। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की ट्रॉफी जीतने के लिए 5 टॉप फाइनलिस्ट में कड़ा मुकाबला होगा, जिसके बाद रोहित शेट्टी अपने शो के विनर का खुलासा करेंगे। सेमी फिनाले में दर्शक जबरदस्त एक्शन, चौंकाने वाले ट्विस्ट और इमोशनल पलों की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि कंटेस्टेंट फाइनल रेस में अपनी जगह बनाने के लिए मुकाबला करेंगे। रोहित शेट्टी के सबसे पॉपुलर टीवी शो में अब 8 कंटेस्टेंट्स करण वाही, रुबीना दिलैक, ऋत्विक धनजानी, अविनाश मिश्रा, हर्ष गुजराल, फराना भट्ट, ओरी और रूहानिका धवन में जंग होगी। इनमें से कोई 5 ही 'खतरों के खिलाड़ी 15' के फिनाले की रेस में शामिल होंगे। शो से विशाल आदित्य सिंह, गौरव खन्ना, शगुन शर्मा, अविका गौर और जैस्मीन भसीन बाहर हो चुके हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के 'रिवेंज वीक' ने खूब सुर्खियां बटोरीं, क्योंकि इसमें कंटेस्टेंट्स ने कई तरह के स्टंट किए। ऊंचाई वाले चैलेंज से लेकर इलेक्ट्रिक स्टंट तक, सेलिब्रिटीज ने केप टाउन में टास्क करते हुए अपना डेयरडेविल अंदाज दिखाया।

### 'बिग बॉस 20' से रोहेद का सफर खत्म

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' में रोहेद खान का सफर खत्म हो गया है। ऑस्ट्रियाई-अफगान एक्टर को रविवार, 20 सितंबर को 'वीकेंड का वार' एपिसोड के दौरान सलमान खान के रियलिटी शो से बाहर कर दिया गया। वे बिग बॉस सीजन 20 से बाहर होने वाले पहले कंटेस्टेंट बन गए। रोहेद खान को आसिफ खान और तन्मय सिंह के साथ एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट किया गया था। इन तीनों को पब्लिक वोट का सामना करना पड़ा था, क्योंकि कैप्टन यंग डीएसए के साथ मिलकर नॉमिनेशन की रणनीतियों पर चर्चा करके घर के नियम का उल्लंघन करने का आरोप उन पर लगा था। यंग डीएसए अपनी कप्तानी की वजह से नॉमिनेशन से बच गए थे। नॉमिनेट हुए तीन कंटेस्टेंट में से रोहेद को सबसे कम वोट मिले और इसके बाद उन्हें शो से बाहर कर दिया गया। रोहेद खान के बाहर होने की एक वजह इस सीजन का 'एक्स्ट्रा जीवनदान' ट्विस्ट भी रहा। कप्तानी के एक टास्क के दौरान कनिका मान ने रोहेद की एक 'लाइफलाइन' छीन ली, जिससे भविष्य में एलिमिनेशन से बचने के लिए उनके पास एक मौका कम हो गया।



## स्पाई मास्टर की कहानी पर्दे पर उतारेंगे करण





मुंबई। 21 सितंबर 1968 को भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) की स्थापना की गई थी। 'रॉ' के सफर को 58 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस खुफिया एजेंसी की स्थापना महान जासूस रामेश्वर नाथ काव (आर एन काव) ने की थी। उन पर फिल्म का एलान किया गया है। यह फिल्म करण जौहर बनाएंगे। करण जौहर ने सोमवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा करते हुए भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रॉ के संस्थापक रामेश्वर नाथ काव पर आधारित फिल्म का ऐलान किया है। यह फिल्म साल 2028 में अगस्त में रिलीज होगी। करण जौहर ने लिखा है, 'काव ने पर्दे के पीछे रहकर काम किया और उस संस्था को दुनिया के सामने लाए जिसे आज हम रॉ के नाम से जानते हैं'। करण जौहर ने बताया कि उनकी यह फिल्म नितिन गोखले की किताब 'जेंटलमैन स्पाईमास्टर' पर आधारित है। यह फिल्म 11 अगस्त, 2028 को बड़े पर्दे पर आएगी। भारत के महान जासूस रामेश्वर नाथ काव का जन्म 10 मई, 1918 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुआ था। भारत के आजाद होने के समय काव ने खुफिया एजेंसी की दुनिया में कदम रखा था। 1947 में उनकी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में नियुक्ति हुई थी और उनका प्रशिक्षण लीजेंडरी भोला नाथ मुल्लिक की निगरानी में हुआ था। उन्होंने कुछ बहुत से अहम मामलों पर काम किया। इसमें 1950 के मध्य में कश्मीर प्रिंसेस मामले की जांच और 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति में योगदान शामिल है।

## टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में बजा 'अंग' का डंका ऑस्कर 2027 के लिए हुई क्वालीफाई

*मुंबई। नागालैंड की पृष्ठभूमि पर बनी भारतीय फिल्म 'अंग' ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 में बड़ा सम्मान हासिल किया है। नागालैंड के निर्देशक तेजा रियो की इस फिल्म ने 'प्लेटफॉर्म प्राइज' अपने नाम किया है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि इस अवॉर्ड के साथ फिल्म ने 2027 के ऑस्कर अवॉर्ड्स की 'बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म' कैटेगरी में सीधे जगह बना ली है। टीआईएफएफ की जूरी ने 'अंग' को उसके नए नजरिए, शानदार सिनेमैटोग्राफी और एक अनोखी दुनिया को गहराई और खूबसूरती से पर्दे पर उतारने के लिए प्लेटफॉर्म प्राइज दिया है। जूरी ने फिल्म के निर्देशक तेजा रियो की सोच, हिम्मत और साहस की भी तारीफ की।*

### ऑस्कर में कैसे मिली सीधे एंट्री?

इस साल से टीआईएफएफ का प्लेटफॉर्म प्राइज उन चुनिंदा फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जिन्हें जीतने वाली फिल्मों को ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में सीधी एंट्री मिलती है।



### क्या है अंग की कहानी?

अंग की कहानी 1960 के दशक के नागालैंड की है, जहां एक पिता और उसका बेटा अपनी जिंदगी जी रहे हैं। कहानी में एक मिशनरी के आने के बाद बेटे का उनके रहन-सहन और तौर-तरीकों से प्रभावित होना दिखाया गया है। इसके साथ ही फिल्म धर्म परिवर्तन के दौर में नागा समाज और उसकी संस्कृति में आए बदलावों को भी सामने लाती है। फिल्म यह दिखाती है कि कैसे उस समय स्थानीय परंपराओं और संस्कृति को पिछड़ा मानकर देखने की सोच बढ़ने लगी थी।

### कोन्याक भाषा में बनी है फिल्म

अंग की सबसे खास बात इसकी भाषा है। फिल्म लगभग पूरी तरह कोन्याक भाषा में शूट की गई है। कोन्याक नागालैंड के कोन्याक समुदाय की प्रमुख भाषाओं में से एक है और भारतीय सिनेमा में इस भाषा का इस्तेमाल बेहद कम देखने को मिलता है।

### शॉर्ट फिल्म से बनी फीचर फिल्म

तेजा रियो ने साल 2021 में एक शॉर्ट फिल्म बनाई थी 'अंग'। उसकी शॉर्ट फिल्म के आधार पर उन्होंने 'अंग' नाम की फीचर फिल्म बनाई। बता दें, उनकी शॉर्ट फिल्म को क्लेरमोंट-फेरैंड इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल जूरी अवॉर्ड मिला था।

## इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

# इंसाफ मांगेंगी अनीत, बच्चे की खोज में निकलेंगी परिणीति

*नई दिल्ली। जो दर्शक किसी वजह से सिनेमाघरों तक नहीं जा पाते, उनके लिए इस हफ्ते ओटीटी पर बहुत कुछ खास है। इस हफ्ते कई फिल्में सिनेमाघरों के बजाय सीधे ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं। ओटीटी के लिहाज से आने वाला हफ्ता बहुत शानदार होने वाला है। इस हफ्ते कई बेहतरीन फिल्में और सीरीज ओटीटी पर दस्तक देने वाली हैं। यही नहीं रियलिटी शो भी ओटीटी पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। इस हफ्ते जो फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली है, उनमें बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों शामिल हैं।*

### हुंकार

अनीत पड्डा और फातिमा सना शेख की अदाकारी से सजी वेब सीरीज 'हुंकार' इस हफ्ते रिलीज होने वाली है। यह कोर्टरूम ड्रामा एक टीनएजर लड़की के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक मशहूर आध्यात्मिक गुरु पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाती है। यह 25 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

### शकः ट्रस्ट नो वन

परिणीति चोपड़ा 'शकः ट्रस्ट नो वन' से ओटीटी में डेब्यू कर रही हैं। रेनसिल डी'सिल्वा के निर्देशन में बनी इस सीरीज की कहानी एक मां की अपने खोए हुए बच्चे की 9 साल की खोज के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें सोनी राजदान, अनुप सोनी और जेनिफर विंगेट भी होंगे। यह 24 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



### डोंट बी शाय

आलिया भट्ट के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'डोंट बी शाय' 25 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है। इसमें ऐसी लड़की की कहानी है, जिसे लगता है कि उसने अपनी जिंदगी को पूरी तरह समझ लिया है। मगर उसकी प्लान की गई जिंदगी में अचानक एक मोड़ आता है और सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर होने लगता है।

### राइज एंड फॉल 2

रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 ओटीटी पर आ रहा है। इस नए सीजन के होस्ट पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग हैं। खबरों के मुताबिक इसमें स्वरा भास्कर, करण पटेल, प्रियंका चहर चौधरी और शहजाद पूनावाला हिस्सा ले सकते हैं। इसे अमेजन प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर 26 सितंबर 26 से देखा जा सकता है।



### मिनर्वा एकेडमी

वेब सीरीज 'मिनर्वा एकेडमी' 22 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इसकी कहानी एक ऐसे स्कूल के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां बहुत सख्त शासन है। बच्चे प्रतिस्पर्धा करते हुए दबाव में पढ़ाई करते हैं। कहानी में मोड़ तब आता है जब एक बच्चा अपने लापता हुए दोस्त को ढूंढने के लिए हदें पार करता है।

### हैबियस कॉर्पस

लीगल ड्रामा वेब सीरीज 'हैबियस कॉर्पस' 23 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है। सीरीज की कहानी कानून के एक प्रोफेसर पर आधारित है। वह छात्रों के साथ मिलकर एक ऐसे शख्स को निर्दोश साबित करने का जिम्मा उठाते हैं, जो सजा काट रहा है। सीरीज में कई चौंकाने वाले मोड़ आते हैं।

### द फाइनल प्रॉब्लम

इस हफ्ते नेटफ्लिक पर मर्डर मिस्ट्री सीरीज 'द फाइनल प्रॉब्लम' रिलीज हो रही है। सीरीज की कहानी एक ऐसे शख्स पर आधारित है जो पर्दे पर जासूज का रोल प्ले कर चुका है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब एक होटल में एक मर्डर हो जाता है। वहां पुलिस नहीं होती है। ऐसे में शख्स अपना रील लाइफ वाला टैलेंट इस्तेमाल करता है।

**ये फिल्में भी होंगी रिलीज** : हॉरर थ्रिलर फिल्म 'हाउस एट द एंड ऑफ द स्ट्रीट' 24 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।